www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 90 || अम्बेडकरनगर
रविवार
21 जून 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः 2 ₹
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:13
सूर्यास्तः 07:03
अधिकतमः 41°00
न्यूनतमः 31°00



पेज 07

विशेष समाचार | नई दिशाः नया दौर... >>पेज 04 | आलू के दाम गिरने से टूटा... >>पेज 06 | सलमान भगवान नहीं, वो ...



### लेबनान पर इजराइली हमलों में 16 लोगों की मौत के बाद फैसला, नेतन्याहू बोले- अटैक जारी रहेंगे

# ईरान ने फिर बंद किया होर्मुज स्ट्रेट



**ऐलान**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान ने फिर से होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है। ईरान की जॉइंट मिलिट्री कमांड ने सरकारी टीवी पर ऐलान करते हुए कहा कि इसकी वजह लेबनान में हो रहे इजराइली हमले हैं। अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून की रात शांति समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें होर्मुज को खोलने और लेबनान में हमले बंद करने की शर्तें थीं। पीस डील पर साइन के बाद भी इजराइल ने लेबनान में हमले जारी रखे थे।इसके बाद ट्रम्प की पहल पर 19 जून की रात इजराइल और लेबनान के बीच सीजफायर का ऐलान हुआ था। हालांकि सीजफायर के ऐलान के 8 घंटे बाद ही इजराइल और लेबनान के बीच संघर्ष शुरू हो गया।

>> (शेष पेज 06 पर)

> इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि इजराइल गाजा और लेबनान में अपने सैन्य अभियान जारी रखेगा।



### ईरान की जहाजों को चेतावनी- होर्मुज के पास आए तो सुरक्षा की गारंटी नहीं

ईरान की रिवोल्यूशनरी फोर्स (IRGC) ने जहाजों को होर्मुज के पास से न गुजरने की चेतावनी दी है। IRGC ने कहा है कि अगर वे ऐसा करते हैं तो उनकी सुरक्षा की गारंटी नहीं होगी। IRGC से जुड़ी एक मिलिट्री कमांड ने कहा कि होर्मुज बंद करना पहला कदम है। इजराइल आगे भी लेबनान पर हमला करता रहा तो जरूरी कदम उठाए जाएंगे।



### पाकिस्तान बोला- अमेरिका ईरान की बातचीत आज से शुरू होगी

पाकिस्तान ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच अंतरिम समझौते को आगे बढ़ाने की बातचीत रविवार से स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक में शुरू होगी। इस बातचीत में कतर के मध्यस्थ भी हिस्सा लेंगे। बातचीत के लिए अमेरिकी वार्ताकारों में शामिल स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर पहले से स्विट्जरलैंड में मौजूद हैं। वेंस ने कहा है कि वे जल्द पहुंच सकते हैं।

### इजराइल-हिजबुल्लाह जंग में 4,000 से ज्यादा मौतें

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी जंग में मरने वालों की संख्या 4,000 के पार पहुंच गई है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच हुई भारी गोलीबारी और हमलों में लेबनान में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई। वहीं चार इजराइली सैनिक भी मारे गए।

एक इजराइली सैन्य अधिकारी के मुताबिक, हिजबुल्लाह ने शुक्रवार रात दक्षिणी लेबनान में तैनात इजराइली बलों पर 50 से ज्यादा रॉकेट दागे। इसके जवाब में इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के दर्जनों ठिकानों पर हमला किया।

# ‘सपा के लिए सैफई ही परिवार था माफिया से अवैध वसूली करवाते थे’

### योगी बोले- निकम्मेपन की वजह से बुंदेलखंड पिछड़ा

**जनसभा**

तमसा संकेत, एजेंसी

ललितपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा- सपा सरकार चार बार सत्ता में रही, लेकिन ललितपुर को कुछ नहीं दिया। उनके पास विकास की सोच ही नहीं थी। प्रदेश की 25 करोड़ जनता हमारे लिए परिवार है। उनका विकास और सुरक्षा हमारा दायित्व है, लेकिन सपा के लिए सैफई ही परिवार था। वे सैफई के बाहर निकल ही नहीं सकते। कांग्रेस के लिए दिल्ली का परिवार ही देश था।



योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा-सपा-कांग्रेस ने हर जिले में माफिया दिए। माफिया उनके लिए अवैध वसूली करते थे। जनता की कमाई पर डकैती डालते थे। गो-तस्करी करते थे। प्रदेश को बंजर बनाते थे। बीमारू राज्य के रूप में यूपी की पहचान बनाते थे। इनके निकम्मेपन के कारण बुंदेलखंड पिछड़ा था और अपने आप को ठगा महसूस करता था।

>> (शेष पेज 06 पर)

### पहले ललितपुर के संसाधनों पर मुट्ठीभर लोगों का कब्जा था

सीएम ने कहा- आज ललितपुर बदल चुका है। कभी एक कोने में उपेक्षित पड़ा था। पिछली सरकारों की उपेक्षा का दंश झेला था। सड़क और बिजली नहीं थी। माता-बहनों को मिट्टी के घड़े में पानी ढोना पड़ता था। यहां के संसाधनों में लूट होती थी। चंद मुट्ठीभर लोगों का इस पर कब्जा था।

### मंदिर के ठीक सामने सभामंडप बनाने का काम चल रहा था, प्रसाद लेने के लिए भीड़ जुटी थी

# परभणी में हनुमान मंदिर की छत गिरी

**07** की मौत | **25** लोग घायल

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

परभणी । महाराष्ट्र के परभणी जिले में यशवाड़ी देवस्थान में हनुमान मंदिर के हॉल की निर्माणाधीन छत शनिवार दोपहर गिर गई। मलबे में में दबने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल पहुंचा दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां मंदिर के ठीक सामने सभामंडप बनाने का काम चल रहा था। दोपहर के समय लोग प्रसाद ले रहे थे। अचानक मंदिर का स्ट्रक्चर और पत्थर भरभराकर गिर पड़े।

>> (शेष पेज 06 पर)

### मंडप में मौजूद लोगों ने मलबा हटाया

रिपोर्ट्स के मुताबिक परभणी के हनुमान मंदिर के ठीक सामने सभा मंडप का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी सभा मंडप की छत अचानक ढह गई। जिला कलेक्टर संजय चव्हाण, उपमंडल अधिकारी संगीता चव्हाण और तहसीलदार पांडुरंग माछेवाड़ ने बताया कि 32 लोगों में से 7 की मौत हो गई और 25 गंभीर रूप से घायल हो गए।

आपदा प्रबंधन अधिकारी, पथरी अग्निशमन विभाग, मानवत लोक निर्माण विभाग, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा दल, परभणी नगर निगम और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बचाव अभियान पूरा किया गया।



■ दोपहर 3 बजे प्रसाद ले रहे लोगों पर मंदिर के ठीक सामने बन रहा सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा।



■ मंदिर के सभा मंडप गिरने की घटना CCTV में कैद हो गई। उस वक्त लोग प्रसाद ले रहे थे।

### मरने वालों के परिवार को 5 लाख मुआवजे का ऐलान

परभणी हादसे पर प्रधानमंत्री कार्यालय के ऑफिशियल X हैंडल पर पोस्ट किया गया, जिसमें पीएम मोदी के हवाले से लखा गया- महाराष्ट्र के परभणी में हुई लोगों की मौत बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने इस हादसे में अपनों को खोया है। घायल लोग जल्द ठीक हों।

**फास्ट न्यूज**

### टीएमसी नेता जहांगीर खान की पत्नी गिरफ्तार

कोलकाता । पश्चिम बंगाल पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस नेता जहांगीर खान की पत्नी सरीना बीबी (37) को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया है। उन पर फालता पुलिस स्टेशन पर भीड़ जुटाकर पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमले और जहांगीर खान को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की कोशिश का आरोप है।

**सहभागिता कार्यक्रम**

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जन आंदोलन बनाने की तैयारी पूरी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है। प्रदेश के 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों के लगभग 1.42 करोड़ छात्र-छात्राओं तथा 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत 78 हजार से अधिक छात्राओं को योग से जोड़ने की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को प्रदेशभर के विद्यालयों में सामूहिक योगाभ्यास होगा, जिसमें विद्यार्थी, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और अभिभावक सहभागिता करेंगे।

### 12 दिन से अटका मानसून 23 जून से आगे बढ़ेगा

भोपाल/लखनऊ। 12 दिनों से तेलंगाना में अटका मानसून अब आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 23 जून तक इसके छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून के लिए जरूरी सिस्टम सक्रिय हो गया है।

### नागपुर के छात्र का सेंटर अबू धाबी, भुवनेश्वर की स्टूडेंट का सेंटर 2300 किलोमीटर दूर देहरादून

# नीट री-एग्जाम

**तैयारी**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। देशभर में NEET-UG री-एग्जाम से एक दिन पहले एग्जाम सेंटर के अलॉटमेंट में गड़बड़ी के मामले सामने आए हैं। नागपुर के एक छात्र अब्दुल्लाह मोहम्मद तालिब ने अबू धाबी (UAE) स्थित एक भारतीय स्कूल में सेंटर मिलने की शिकायत की।

छात्र ने 19 जून को एडमिट कार्ड डाउनलोड किया, तब यह गड़बड़ी देखी। छात्र के पास पासपोर्ट नहीं है। ऐसे में उसका विदेश जाकर परीक्षा देना संभव नहीं था। एडमिट कार्ड का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने सफाई दी। एजेंसी ने कहा कि परीक्षा शहर में बदलाव छात्र के रजिस्टर्ड लॉगिन से किया गया था। हालांकि, छात्र के अनुरोध पर बाद में सेंटर नागपुर कर दिया गया।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ दिल्ली में शनिवार को NEET के एग्जाम सेंटर्स पर मॉक ड्रिल जारी है।

### कल 22.79 लाख स्टूडेंट्स एग्जाम देंगे

21 जून को होने वाली एग्जाम में 22.79 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए भारत के 551 और विदेश के 14 शहरों में 5000 से ज्यादा एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं। NTA के मुताबिक एग्जाम कंडक्ट कराने में 2 लाख से अधिक कर्मी, 674 सिटी कोऑर्डिनेटर और 6,669 ऑब्जर्वर लगाए गए हैं। NTA के अनुसार, एग्जाम दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक पेन-एंड-पेपर मोड में होगी। PwD और PwBD श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय देते हुए शाम 6:20 बजे तक एग्जाम लिखने की अनुमति होगी।

> नीट-यूजी री-एग्जाम से पहले एनटीए शनिवार को देशभर में मॉक ड्रिल कर रहा है। एग्जाम को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन और सेंटरीय एजेंसियों के साथ मिलकर मल्टी लेयर सिक्योरिटी तैयार की गई है।



# बंगाल को पाक का हिस्सा बनाने की कोशिश हुई : मोदी

### मजहबी एजेंडा चलाया गया, घुसपैठियों का अड्डा बनने दिया

**समारोह**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली में में पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जब पूरे बंगाल को पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की कोशिश हुई तो कांग्रेस उन षडयंत्रकारियों के सामने घुटने टेके पड़ी थी। बंगाल की आवाज को मजहबी एजेंडों से दबाया जा रहा था तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने प्रस्ताव पास कराया और घोषणा की कि पूरा बंगाल पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनेगा। प्रधानमंत्री बंगाल में भाजपा की जीत के 47 दिन बाद बंगाल पहुंचे थे। इस दौरान मोदी ने कहा- जो बंगाल भारत के विकास का नेतृत्व कर सकता तो वो बंगाल पिछड़ता चला गया। बंगाल की धरती पर विदेशी विचारधारा सौंपी गई। पहले कांग्रेस, लेफ्ट और फिर टीएमसी ने बंगाल को अवैध घुसपैठियों का अड्डा बनने दिया।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ मोदी ने बंगाल में किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की

# राम मंदिर चढ़ावा चोरीः चंपत राय पर एक्शन लगभग तय

### ट्रस्टी अनिल भी हटाए जा सकते हैं, एसआईटी आज लखनऊ लौटेगी

**जांच**

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) की जांच में 150 संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। इनमें से 25 लोगों पर कार्रवाई के आसार हैं। जिन लोगों से SIT पूछताछ कर चुकी है, उन्हें अगले आदेश तक कहीं बाहर न जाने की चेतावनी दी गई है।

शनिवार को छठे दिन SIT जांच के लिए मंदिर पहुंच गई है। जांच पूरी कर SIT आज ही लखनऊ लौटेगी।

>> (शेष पेज 06 पर)



चंपत राय | अनिल मिश्र

### सपा प्रमुख और पूर्व मंत्री ने चोरी का मुद्दा उठाया था

सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय ने 7 जून को दावा किया था कि राम मंदिर से 5 से साढ़े 7 करोड़ रुपए तक की चोरी की गई। अखिलेश ने भी कहा था कि मामले पर सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। कोर्ट को मामला देखना चाहिए। >> (शेष 06 पर)

### अब तक 2 करोड़ की बरामदगी

चढ़ावा चोरी मामले में 5 लोगों लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर उर्फ टिन्नू की निशानदेही पर अब तक 2 करोड़ रुपए की रिकवरी की गई है। ये सभी मंदिर में दान राशि की गिनती की ड्यूटी से जुड़े थे। मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी टिन्नू के घर से 13 जून को सोना मिला था। हालांकि, सोना कितना है, यह अभी कन्फर्म नहीं है।

**प्रदर्शन :** अभिजीत दीपके का पुलिस पर पानी न देने का आरोप

# कॉकरोच जनता पार्टी ने किया जंतर मंतर से न हटने का एलान




तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रमुख अभिजीत दीपके ने घोषणा की है कि वो 'शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े तक जंतर-मंतर नहीं छोड़ेंगे.' वहीं दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द प्रदर्शन स्थल को ख़ाली करें.

अभिजीत दीपके ने एक्स पर दावा किया है कि ßदिल्ली पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पानी नहीं आने दे रही है.

वहीं शनिवार को प्रदर्शन शुरू होने के बाद शाम में सीजेपी ने एक्स पर घोषणा की थी कि वो धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े तक जंतर-मंतर से नहीं हटेगी. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर शनिवार को सीजेपी दूसरी बार प्रदर्शन कर रही है. >> (शेष पेज 06 पर)



### दिल्ली पुलिस के कर्मी पोस्टर के ज़रिए प्रदर्शनकारियों से हटने की अपील कर रही है

दिलनवाज़ पाशा ने बताया है कि अब प्रदर्शन स्थल पर प्रदर्शनकारियों की संख्या 150-200 के क़रीब है और प्रदर्शन स्थल पर पुलिस अब किसी को जाने नहीं दे रही है. इससे पहले शाम में दिल्ली पुलिस के कर्मी एक पोस्टर लेकर धरना स्थल पर खड़े थे जिसमें उन्होंने प्रदर्शनकारियों से तुरंत धरना स्थल ख़ाली करने को कहा था क्योंकि उनका समय समाप्त हो चुका था।

> वहीं, अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो पोस्ट करके बताया था कि वो जंतर-मंतर पर हैं और पुलिस उन्हें गिरफ़्तार करने आ रही है.
> उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा था कि जितने भी इस देश में युवा इस वीडियो को देख रहे हैं वो अपने-अपने ज़िलों में जेल भरो आंदोलन शुरू कर दें, चाहे कुछ भी हो जाए ये आंदोलन रुकना नहीं चाहिए.

मंत्री ने बहराइच डीएम से रिपोर्ट मांगी ■ भाजपा नेता ने सीएम को चिट्ठी लिखी थी

# संज्ञान : गाजी मियां दरगाह में करोड़ों के गबन का आरोप

मांग

तमसा संकेत, एजेंसी

बहराइच। अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बीच बहराइच में गाजी मियां की दरगाह में करोड़ों के गबन का आरोप लगा है। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली का आरोप है कि दरगाह में पिछले 20 सालों में करोड़ों का गबन हुआ है। बासित अली ने सीएम योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखकर पूरे प्रकरण में SIT जांच की मांग की है।

बहराइच के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मामले का संज्ञान लिया है। उन्होंने डीएम अक्षय त्रिपाठी से रिपोर्ट मांगी है। मंत्री दिनेश सिंह ने कहा, मुझे शिकायतें मिली हैं कि बहराइच शरीफ यानी दरगाह हजरत सैयद सालार मसूद गाजी दरगाह में चढ़ावे, दुकानों, ठेकों, मेलों आदि अन्य मदों से आने वाली धनराशि का बड़े पैमाने पर लूट और गबन हो रहा है और यह लंबे अंतराल से हो रहा है। बासित अली ने कहा- मैं अखिलेश यादव से कहना चाहता हूं कि बहराइच की दरगाह के बारे में भी एक बार पता करें, उस मुद्दे को भी उठाएं, उसकी भी जांच कराएं, उसकी भी एसआईटी (SIT) कराएं। आप जब गरीब मुसलमानों की गाढ़ी कमाई की बात करते हैं, आप जब मुसलमानों की ऐसी इनकम की बात करते हैं, जिससे मदरसे बन सकते थे, स्कूल्स बन सकते थे, स्कूल चल सकते थे, गरीब मुसलमानों का भला हो सकता था, वहां चुप्पी साध जाते हैं।



■ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने सीएम से शिकायत की है।

**किसी के द्वारा इस पर कार्रवाई नहीं की गई है। मैंने जिलाधिकारी बहराइच को निर्देश दिए हैं कि 15 दिन के भीतर सारी शिकायतों की जांच कराकर अवगत कराएं। जिससे इन आस्था के स्थलों पर हो रही लूट की जांच हो और उन पर कार्रवाई हो। जिससे दोषी हों, उन्हें कठोर दंड दिया जा सके।**

### कुंवर बासित अली ने सपा के पूर्व मंत्री पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

बासित अली ने कहा- वक्फ नंबर- 19, दरगाह हजरत सैयद सालार गाजी मसूद की बहराइच में बड़ी दरगाह है। यह उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा वक्फ है। जिसमें करोड़ों की संपत्ति है। कॉलेज-स्कूल और लगभग 50-60 बीघे के अंदर एक दरगाह है। जिस पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री वकार शाह के बेटे यासिर शाह, यासिर शाह की पत्नी मारिया शाह और इनके लोग कमेटियों में हैं। लगभग 20 साल से वहां बड़ी तादाद में करप्शन है। लगभग 14 करोड़ इनकम एक साल में उन्होंने दिखाई है। लेकिन लगातार शिकायतें हुईं तो उसमें करीब 20 साल के अंदर हजारों करोड़ का घोटाला सामने आया है।



■ दिनेश प्रताप सिंह बहराइच के प्रभारी मंत्री हैं।

### गाजी मियां की दरगाह पर प्रशासन ने पिछले साल मेला रोका

बहराइच शहर के बैंकुंठा इलाके में सैयद सालार मसूद (गाजी मियां) की कब्र है। वह 11वीं सदी के आक्रमणकारी महमूद गजनवी का सेनापति था। राजा सुहेलदेव के साथ युद्ध में मारा गया था। करीब 500 साल पहले मसूद को सूफी संत बताकर सालाना जेठ मेला लगना शुरू हुआ था। यह मेला हिंदू कलेंडर के हिसाब से ज्येष्ठ महीने के पहले रविवार से शुरू होकर करीब एक महीने तक चलता था। मेले में देश के अलावा नेपाल से बड़ी संख्या में मुस्लिम और हिंदू श्रद्धालु शामिल होते थे। इसके अलावा भी लोग सालभर यहां आते रहते हैं। दरगाह परिसर में मस्जिद, लाइब्रेरी और दुकानें हैं।

# 'जीवन जीने की विशेष कला है योग'

## बोले वक्ता युवावस्था में ही इसे अपनाना होगा

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गोरखनाथ मंदिर परिसर में साप्ताहिक योग शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। महायोगी गुरु गोरखनाथ योग संस्थान गोरखनाथ मंदिर एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के छठे दिन अस्टांग योग पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोरखपुर विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. द्वारिका नाथ ने कहा कि जीवन जीने की विशेष कला है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष योग दिवस का ध्येय वाक्य 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' है। स्वस्थ वृद्धावस्था पाने के लिए हमें युवावस्था में ही योग को अपनाना होगा। युवा व्यक्ति योग के द्वारा अपने शरीर के साथ-साथ अपने विचारों को भी स्वस्थ कर सकता है। यह सुखी जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग का अभ्यास करने से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शांति मिलती है। जिससे हमारे अंदर दूसरों के प्रति करुणा, प्रेम, दया, उदारता आदि भाव उत्पन्न होते हैं। योग द्वारा मानवीय मूल्यों के इस प्रकार प्रस्फुटन होने से हम समाज व राष्ट्र के हित में सोचने व कार्य करने लगते हैं। जिसके द्वारा जीवन के संबंधों में मधुरता आती है।



फास्ट न्यूज

### हरदोई में पेट्रोल पंप अकाउंटेंट ने की आत्महत्या

हरदोई। हरदोई जिले में एक पेट्रोल पंप अकाउंटेंट ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शनिवार सुबह शहर कोतवाली क्षेत्र के धन्नू पुरवा इलाके में हुई। मृतक की पहचान शाकिर के रूप में हुई है, जो पिहानी चुंगी स्थित एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, शाकिर का एक साल पहले अपनी पत्नी से तलाक हो गया था।

### अयोध्या में एक्सीडेंट में हेड कांस्टेबल की मौत

अयोध्या । अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। कुमारगंज थाना क्षेत्र में हाईवे पर अचानक सामने आए गोवंश से उनकी मोटरसाइकिल टकरा गई। गंभीर रूप से घायल पुलिसकर्मी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अंबेडकर नगर निवासी सुरेंद्र कुमार वर्मा (हेड कांस्टेबल) के रूप में हुई है। वह शुक्रवार रात मोटरसाइकिल से कुमारगंज की ओर से अयोध्या जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, कुमारगंज थाना क्षेत्र के बरईपारा कट के पास रात करीब 9:30 बजे अचानक एक गोवंश सड़क पर आ गया।

### हरदोई में पाक्सो के दोषी को 10 साल की कैद

हरदोई। हरदोई में विशेष न्यायालय (पाक्सो एक्ट) ने शनिवार को एक नौ साल पुराने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी ठहराया है। अदालत ने अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। यह फैसला उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत हरदोई पुलिस की प्रभावी पैरवी का परिणाम है।

# गोरखपुर में टिनशेड में मिली 9 महीने की मासूम

## घर से 500 मीटर दूर रातभर तड़पड़ी रही

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । गोरखपुर में 9 महीने की मासूम बच्ची घर से 500 मीटर दूर खेत के पास टिनशेड में बेहोश मिली। सुबह खेत जा रहे किसानों ने देखा तो हड़कंप मच गया। बच्ची के आधे कपड़े उतरे हुए थे। प्राइवेट पार्ट से खून निकल रहा था। सूचना पर पुलिस पहुंची और बच्ची को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। जहां ब्लीडिंग नहीं रूकने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

बच्ची की मां ने कहा- देर रात करीब 2 बजे बच्ची बिस्तर से गायब थी। हम लोगों ने रातभर तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सुबह लगभग 6 बजे खेत में बच्ची के मिलने की जानकारी मिली। उसके साथ बहुत गलत काम हुआ है। मामला शनिवार सुबह गुलरिहा थाना क्षेत्र का है। बच्ची की मां ने कहा- रात को करीब 2 बजे के समय जब मेरी नींद खुली, तब मैंने देखा कि मेरी बच्ची बिस्तर पर नहीं थी। इसके बाद हमनें बच्ची को खोजना शुरू कर दिया। वह वह हमें खेतों के पास सीवाने में मिली। मेरी बच्ची केवल 9 महीने की है और उसके साथ बहुत गलत काम हुआ है। उसका ब्लीडिंग अभी तक नहीं रुका है। हमें नहीं पता कि वह कौन है और कहाँ का रहने वाला है। हमने उसे देखा नहीं है। अगर देखा होता तो हम उसे छोड़ते नहीं।



भाजपा को उनके सांसदों की जरूरत नहीं, करणी सेना के अध्यक्ष भी हल्के आदमी

# राजभर का सपा टूटने का दावा गलत : केशव

बयान

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने मंत्री ओपी राजभर के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि सपा टूटेगी और उसके सांसद भाजपा में शामिल होंगे। डिप्टी सीएम ने प्रयागराज में शनिवार को कहा कि राजभर की बातों में कोई दम नहीं। भाजपा के पास संघर्षशील कार्यकर्ता हैं। हमें समाजवादी जैसी खराब पार्टी के लोगों की जरूरत नहीं है।

दरअसल, मंत्री राजभर पिछले 3 दिनों में 8 बार सपा के टूटने का दावा कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि अखिलेश के चाचा रामगोपाल यादव ने अमित शाह को पर्ची सौंप दी है। उनसे कहा है कि इतने सांसदों को आप पार्टी में ले लीजिए। वहीं, गुरुवार को केशव मौर्य ने भी कहा था कि सपा के 25 से 26 सांसद भाजपा में आने के लिए तैयार हैं। दरअसल, शुक्रवार को सूरजपाल सिंह अम्मू ने में कहा था-भाजपा के लोग बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। कहते हैं कि नितिन गडकरी जी ने बहुत काम किया, सड़कें बहुत सुंदर बनवाई हैं। हमें भी कई बार लगने लगा था कि ऐश्वर्या राय और हेमा मालिनी के गाल की तरह सड़कें चिकनी हो गई हैं। लेकिन, अलीगढ़ की सड़कें डिप्टी सीएम केशव मौर्य के गाल की तरह खुरदरी हो गई हैं। 17 जून को राजभर ने सपा में टूट का 2 बार दावा किया। सुबह राजभर ने ANI से कहा था- महाराष्ट्र के बाद अब यूपी का नंबर है। सपा नेता रामगोपाल यादव ने गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी दे दी है। उनसे कह दिया है कि इतने लोगों के नाम हैं, इन्हें बुलाकर अपने पास ले लीजिए।



**■ केशव ने कहा- हमारे पास बहुत कार्यकर्ता हैं चुनाव लड़ने के लिए समाजवादी जैसी खराब पार्टी की जरूरत नहीं।**

### करणी सेना अध्यक्ष भी हल्के आदमी : केशव

अलीगढ़ में करणी सेना के अध्यक्ष के दिए बयान पर पलटवार करते हुए केशव प्रसाद ने कहा- ये इतने हल्के लोग हैं कि उन्हें यह भी ध्यान नहीं रहता कि कब क्या बोलना चाहिए और क्या नहीं। ऐसे लोगों के बारे में क्या ही कहा जाए।



■ करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू ने शुक्रवार को अलीगढ़ के एक स्कूल में बयान दिया था।

> **ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए एक्स पर लिखा- अखिलेश गोलू टाइप इंसान हैं। चाचा ने निपटाने की सुपारी ली है। आपकी (अखिलेश) लंका में आग लगने वाली है। बचा सकते हैं तो बचा लीजिए अपनी पार्टी को।**

गैस भरवाते समय भड़की चिंगारी, 40 फीट ऊंची लपटें उठीं, लोग जान बचाकर भागे

# सीएनजी पंप में भीषण आग लगी

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी में शुक्रवार रात 9:20 बजे एक CNG पंप में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लपटें 40 फीट ऊंचाई तक उठने लगीं। हादसा उस समय हुआ, जब एक गाड़ी में CNG भरी जा रही थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी जान बचाकर भागे।

CNG पंप वाराणसी-जौनपुर हाईवे पर करखियाव गांव के पास स्थित है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, गैस लीक होने और गाड़ी में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां और पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

सिलेंडर फटने की आशंका को देखते हुए पंप और आसपास के 200 मीटर एरिया को खाली करा लिया गया। कर्मचारियों और वहां खड़ी गाड़ियों को भी सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। रात 2 बजे आग पर काबू पा लिया गया। पंप पर मौजूद सभी वाहनों और कर्मचारियों को दूर भेज दिया गया है। अभी सिलेंडर फटने का खतरा है, इसे देखते हुए आसपास 200 मीटर एरिया को खाली कराया गया है। किसी को भी बाउंड्री, सड़क या आसपास नहीं खड़े होने दिया जा रहा है। दमकल की और गाड़ियां शहर से भेजी जा रही हैं। डीसीपी गोमती नीतू कादयान ने बताया- करखियाव स्थित सीएनजी पंप पर आग लगने की घटना का तुरंत संज्ञान लिया गया। फायर सर्विस के कर्मचारी युद्धस्तर पर आग पर काबू पाने के लिए जुटे हुए हैं।



■ CNG पंप गेल कंपनी का है। आग लगने के बाद आसमान में धुएं का गुबार छा गया।

### सिलेंडरों पर पानी की बौछार डाली जा रही

सीएनजी की आग पर सीधा पानी डालने से असर कम हो रहा है। गैस को कट-ऑफ किया गया है। फायर ब्रिगेड आने के बाद सीएनजी सिलेंडर गर्म हो चुके हैं, तो उन्हें फटने (हाई-प्रेशर ब्लास्ट) से बचाने के लिए पानी की बौछार कर ठंडा किया जा रहा है।

### इंमरजेंसी स्टॉप बटन बंद किया

हादसे के तुरंत बाद कर्मचारियों ने इमरजेंसी स्टॉप बटन दबाकर मुख्य स्टोरेज टैंक और कंप्रेशर से गैस सप्लाई बंद कर दी। इसके बाद अलार्म बजाकर बाहर की ओर भागे। मैन्युअल मास्टर शट-ऑफ वाल्व को बंद करने के लिए आवाज लगाते रहे, ताकि लीक हो रही गैस और न भड़के।

काफी मशक्कत के बाद किसी तरह मास्टर शट-ऑफ वाल्व को बंद किया गया। लेकिन तब तक छोटे पाइप और सिलेंडर आग की चपेट में आ चुके थे। गैस का दबाव ज्यादा होने से लपटें उठ रही हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन और फायर बिग्रेड जुटी हैं। आग की ऊंची लपटें देख आसपास के लोग बाहर आ गए। हाईवे से गुजर रहे वाहन चालक भी रुक गए।

# एमबीबीएस छात्रा की मौत यूनाइटेड मेडिसिटी में फोर्थ ईयर की स्टूडेंट थी

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज के झलवा स्थित यूनाइटेड मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में शनिवार सुबह एक एमबीबीएस छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी पहचान सृष्टि मिश्रा (22) पुत्री अनुराग मिश्रा के रूप में हुई है। वह मध्य प्रदेश की रहने वाली थी। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस फोर्थ ईयर की छात्रा थी। घटना की सूचना मिलते ही कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में छात्र हॉस्टल के बाहर जुट गए।

पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह करीब आठ बजे सूचना मिली कि छात्रा की अचानक तबीयत बिगड़ गई है। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा की मौत की खबर फैलते ही कॉलेज प्रशासन और छात्रों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छात्रा हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसकी तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर उसे इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### परिजनों के आने का इंतजार



पुलिस अधिकारियों का कहना है कि छात्रा की मौत का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मृतका का भाई भी डॉक्टर है और वर्तमान में दूसरे जनपद में तैनात बताया जा रहा है। पुलिस ने उसे घटना की सूचना दे दी है। सूचना मिलने के बाद वह प्रयागराज के लिए रवाना हो गया है।

घटना के बाद यूनाइटेड मेडिसिटी परिसर में शोक का माहौल है। सहपाठी और अन्य छात्र, छात्रा की मौत से स्तब्ध हैं। पुलिस और कॉलेज प्रशासन मामले से जुड़ी सभी परिस्थितियों की जानकारी जुटा रहे हैं।

एयरपोर्ट थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने बताया कि छात्रा की मौत की सूचना परिजनों को दे दी गई है। परिजनों के प्रयागराज पहुंचने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई : एक दिन पहले कराई गई थी खाली करने की मुनादी, अब तक 164 मकानों पर चला हथौड़ा

# दालमंडी में 3 मकानों पर चला वीडीए का बुलडोजर

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी के दालमंडी चौड़ीकरण प्रोजेक्ट को PWD लगातार तेजी से करवा रहा है। मोहर्रम को देखते हुए जान-माल का नुकसान न हो की मांग के साथ शिया समुदाय ने दालमंडी में ध्वस्तीकरण के कार्य को रोकने की मांग की थी। उसके बावजूद शनिवार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की मौजूदगी में वीडीए द्वारा अवैध घोषित तीन मकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई कराई गई। इस दौरान कानून व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस फोर्स भी तैनात की गई थी।

दालमंडी में वीडीए द्वारा अवैध घोषित मकान संख्या सीके 43/171, सीके 67/30 और डी 50/213 पर कार्रवाई की गई। इन सभी मकानों को पहले लोगों से खाली कराया गया। उसके बाद बुलडोजर ने मकानों का ध्वस्तीकरण शुरू कर दिया। जिससे के बार फिर दालमंडी में मलबे का अंबार दिखाई दिया।

केके सिंह ने बताया - वाराणसी के दालमंडी चौड़ीकरण प्रोजेक्ट में कुल 181 मकान चिह्नित किए गए थे। जिसमें से कुल 164 मकानों पर कार्रवाई हो चुकी है। आज 3 नए मकानों पर कार्रवाई हो रही। जिसके बाद 17 मकान रह जाएंगे। उनकी भी जल्द रजिस्ट्री कर उनपर भी कार्रवाई की जाएगी। अभी तक 70 करोड़ के आस-पास मकान मालिकों को मुआवजा दिया जा चुका है। इसके अलावा 6 मस्जिदें हैं उनपर भी बातचीत चल रही है। वाराणसी की दालमंडी गली को मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाना है। प्रधानमंत्री ने अपने 51वें काशी के दौरे पर इस कार्य का शिलान्यास किया था। इसके लिए राज्य सरकार की तरफ से 215.88 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। 186 भवन, दुकान स्वामियों को 191 करोड़ रुपए मुआवजा के रूप में दिए जाएंगे।





### सुबह 11 बजे शुरू हुई कार्रवाई

शनिवार की दोपहर 12 बजे पीडब्ल्यूडी और वीडी के अधिकारी भारी पुलिस फोर्स के साथ दालमंडी पहुंचे और वीडीए द्वारा चिह्नित मकानों के सामने मुनादी करवाई और उन्हें तत्काल खाली करने के निर्देश दिया। इसके बाद मकानों पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू की गई और मकानों को बुलडोज कर दिया गया। इस दौरान एसीपी दशाश्वमेध अतुल अंजान त्रिपाठी मौके पर मौजूद रहे।

**■ बता दें की मोहर्रम का महीना शुरू होते ही शिया बहुल इलाके दालमंडी में सुबह 7 बजे से लेकर रात के 2 बजे तक 100 से अधिक पुरष और महिलाओं की मजलिसें होती हैं। अकीदतमंद इसी दालमंडी से होकर गुजरते हैं। बीती रात तीन मोहर्रम का जुलूस इसी रस्ते से होता हुआ दरगाह फातमान गया है।**

### पुलिस ने महिला को सीएम से मिलने से रोका

अयोध्या । अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के दौरान एक महिला द्वारा उनसे मिलने की कोशिश का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में महिला हाथ में शिकायती पत्र लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंचने का प्रयास करती दिखाई दे रही है, जबकि सुरक्षा में तैनात महिला पुलिसकर्मी उसे रोकती नजर आ रही हैं।

यह मामला शुक्रवार का बताया जा रहा है, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगर पंचायत कामाख्या धाम में महारानी झलकारी कोरी की प्रतिमा के अनावरण और जनसभा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। वायरल वीडियो में एक महिला हाथ में प्रार्थना पत्र लिए हुए दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि महिला अपनी समस्या सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखना चाहती थी। वीडियो में वह सुरक्षा घेरा पार कर आगे बढ़ने का प्रयास करती नजर आती है, लेकिन वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मी उसे रोक लेती हैं।

# कोई सन्तोषजनक उत्तर न दिये जाने पर विक्रेता की दुकान सील

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी द्वारा दी जानकारी कि दिनांक 19 जून 26 को सफेदाबाद ओवर ब्रिज पर एक पिकप वाहन संख्या न्न्41 ब्ज् 2970 पकड़ी गयी, जिसमें 85 बोरी यूरिया लदी थी, जिसके सम्बन्ध में ड्राइवर द्वारा कोई भी बिल/चालान उपलब्ध नहीं कराया गया। ड्राइवर द्वारा अपना नाम मनीष कुमार पुत्र अम्बर लाल निवासी कोठी बताया गया तथा अपने बयान में अवगत कराया गया कि मो0नं0 7355046980 के धारक/व्यक्ति द्वारा उन्हें फोन पर एक भाड़ा जरगावां से खाद लादकर इन्दिरा नहर, लखनऊ पहुंचने हेतु कहा गया। उनके द्वारा जरगावा स्थित एक खाद की दुकान से 85 बोरी यूरिया लादकर ले जायी जा रही थी, पकड़ी गयी पिकप कोतवाली नगर में खड़ी कराकर ड्राइवर एवं पुलिस के साथ जरगावां स्थित मेसर्स मां दुर्गा किसान सेवा केन्द्र पर रात्रि में ही छापा डाला गया। विक्रेता को बुलवाकर दुकान का निरीक्षण किया गया, दुकान में उपलब्ध स्टाक का पी0ओ0एस0 मशीन से मिलान किया गया, जिसमें 14 बोरी यूरिया अधिक उपलब्ध पायी गयी। विक्रेता द्वारा बिक्री/स्टाक रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया गया। विक्रेता द्वारा अपने बयान में अवगत कराया गया उनके द्वारा 85 बोरी यूरिया पिकप वाहन संख्या सी0टी0 2970 पर शाम 06 बजे लदवायी गयी है। विक्रेता द्वारा बिक्रीत यूरिया से सम्बन्धित कोई भी साक्ष्य/अभिलेख उपलब्ध न कराये जाने एवं 14 बोरी यूरिया प्रतिष्ठान में अधिक पाये जाने के सम्बन्ध में एवं पिकप में किस उद्देश्य से किसके कहने पर लदवायी गयी, के सम्बन्ध में कोई सन्तोषजनक उत्तर न दिये जाने पर विक्रेता की दुकान सील की गयी।



# किसानों से बोले ओम प्रकाश राजभर - जैविक खाद अपनाएं
# प्राकृतिक खेती पर जोर

**उद्घाटन**

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजकीय हवाई पट्टी पर शनिवार को तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी और प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याण-कारी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदर्शित की गई। मंत्री ने पंचायती राज, कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, पशुपालन, मत्स्य, उद्योग और अन्य विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत लोक कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गोदभराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में एमएलसी हरिओम पांडेय, विधायक धर्मराज, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने किसानों को संबोधित किया।

> कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती से जुड़ी तकनीकों और नवाचारों पर जानकारी दी। प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए, जबकि ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन प्रतिभागियों के आकर्षण का केंद्र रहा।



जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, किसान और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## किसान गोष्ठी में प्राकृतिक खेती पर चर्चा

प्राकृतिक खेती कार्यशाला और किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए ओम प्रकाश राजभर ने किसानों से खेती में जैविक विकल्पों को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेती की पारंपरिक और प्राकृतिक पद्धतियों को अपनाने से भूमि की गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिल सकती है। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट और जैविक खाद के उपयोग पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों और आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकास प्रदर्शनी आयोजित की गई है। इससे लाभार्थियों को योजनाओं के बारे में सीधे जानकारी मिल सकेगी।

# ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था की जांच
### कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम ने लिया जायजा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित EVM और VVPAT वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी और जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, मशीनों के रखरखाव और संरक्षित भंडारण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की 24 घंटे निगरानी प्रणाली की भी जांच की।

जिलाधिकारी ने मुख्य द्वार पर लगी डबल-लॉक प्रणाली, सील व्यवस्था और आगंतुक पंजीयन का मिलान किया, जो जांच में पूरी तरह दुरुस्त पाया गया। साथ ही नमी, सीलन और कीटों से सुरक्षा के इंतजामों की भी समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान अग्निशमन उपकरणों की वैधता और उपलब्धता की भी जांच की गई। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित रहे।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार EVM वेयरहाउस की सुरक्षा और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप और संतोषजनक पाई गईं।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**फास्ट न्यूज**

### ई-रजिस्ट्रेशन को लेकर खत्म हुई दस्तावेज लेखकों की हड़ताल

अम्बेडकरनगर। प्रदेश के निबंधन कार्यालयों में कई दिनों से चल रही दस्तावेज लेखकों की हड़ताल शनिवार को समाप्त हो गई। शासन और दस्तावेज लेखक संघ के बीच हुई वार्ता के बाद दोनों पक्षों में सहमति बनी। बैठक में संघ ने ई-रजिस्ट्रेशन नियमावली 2024 में दस्तावेज लेखक नियमावली 1977 के नियम 6 और 7 को शामिल करने की मांग उठाई।

### नई शिक्षा नीति से आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत होगी

अम्बेडकरनगर। ज्ञान एजुकेशन, मकरही रोड स्थित हंसवर में ₹नई शिक्षा नीति के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण₹ विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप यादव ने की, जबकि संचालन सौरभ यादव ने किया।

मुख्य अतिथि एवं मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने कहा कि नई शिक्षा नीति केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है। यह विद्यार्थियों में कौशल विकास, रचनात्मकता, नवाचार और आत्मविश्वास को बढ़ावा देती है।

### रामगढ़ रोड पर पलटा ई-रिक्शा

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। रामगढ़ रोड स्थित गायत्री मंदिर के सामने शनिवार को एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक छात्रा घायल हो गई। घायल की पहचान अर्चना भारती के रूप में हुई है। वह मूल रूप से सुल्तानपुर जिले के कल्याणपुर गांव की निवासी हैं और वर्तमान में जलालपुर स्थित डॉ. केएनएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एएनएम पाठ्यक्रम की छात्रा हैं।

# वृद्धाश्रम में योग, स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता अभियान
### जिलाधिकारी ने वृद्धजनों से की मुलाकात, सुविधाओं का लिया जायजा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को वृद्धाश्रम में योगाभ्यास, स्वास्थ्य परीक्षण और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने सहभागिता कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम परिसर में चल रहे स्वच्छता अभियान का अवलोकन किया और अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, खानपान और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए। वृद्धाश्रम कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु और अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रंजीत सिंह सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में श्रमदान किया।





**सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हुए अधिकारी**

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी, अधिकारियों और वृद्धजनों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। योग सत्र में नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर भी जानकारी दी गई। इसके बाद स्वास्थ्य शिविर में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम के अंत में वृद्धजनों को फल भी वितरित किए गए।

### ओम प्रकाश राजभर का अखिलेश यादव पर तीखा हमला सर्किट हाउस में बयानबाजी तेज
# राम मंदिर चढ़ावे विवाद पर सियासत गरम

**हलचल**

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावे को लेकर उठे विवाद और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के बयानों के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। सुभासपा अध्यक्ष और प्रदेश सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कड़ी प्रतिक्रिया दी।

राजभर ने कहा कि राम मंदिर का संचालन ट्रस्ट के माध्यम से हो रहा है और सरकार का प्रत्यक्ष नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रस्ट स्तर पर किसी अनियमितता की शिकायत मिलती है तो उसकी जांच की जा रही है और एसआईटी इस मामले की जांच कर रही है। मंत्री ने कहा कि देश की कई क्षेत्रीय पार्टियां पहले भी टूट चुकी हैं और राजनीतिक परिस्थितियां बदलती रहती हैं। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी में मतभेद स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। राम मंदिर चढ़ावे विवाद को लेकर शुरू हुई बहस अब राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक पहुंच गई है। बयानबाजी के बाद जिले की सियासत में हलचल तेज हो गई है।

**जांच के मुद्दे पर सरकार का रुख साफ**

### "बिना दर्शन बयान देना गलत" - अखिलेश पर निशाना

ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव ने अब तक राम मंदिर का दर्शन नहीं किया है और बिना तथ्यों के बयान देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया चल रही है और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई तय है।

> सपा सांसद लालजी वर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राजभर ने उन्हें दलबदलू नेता बताया। उन्होंने कहा कि अवसर मिलने पर वे किसी भी दल में जा सकते हैं। साथ ही दावा किया कि समाजवादी पार्टी में आंतरिक अस्थिरता है।

### शिवपाल यादव को दी खुली चुनौती

शिवपाल यादव के बयान पर पलटवार करते हुए राजभर ने कहा कि वे जहां से चुनाव लड़ेंगे, वहीं से मुकाबला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि हिम्मत है तो शिवपाल यादव जहूराबाद से चुनाव लड़कर दिखाएं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में लापरवाही पर सख्ती
### 7 अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। अकबरपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शनिवार को अधिकारियों की देरी पर उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा सिंह सख्त रुख में नजर आईं। समय पर उपस्थित न होने पर सात अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

जानकारी के अनुसार, समाधान दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। इसके बावजूद सुबह 11 बजे तक सात अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुए। इस पर उप जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और कार्रवाई के निर्देश दिए।

उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा सिंह ने कहा कि जनसुनवाई से जुड़े कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सरकार की मंशा के अनुरूप शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

देरी से पहुंचने वाले अधिकारियों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर और सख्त कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। अधिकारियों की उपस्थिति और समयपालन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

### पुलिस पूछताछ के बाद बयान में बदलाव, अवैध असलहे का मामला केंद्र में
# भीटी गोलीकांड: जांच में नया एंगल, युवक ने बताया 'खुद से चली गोली'

**घटना**

- पुलिस पूछताछ में सामने आया अहम बयान
- तहरीर का इंतजार, जांच जारी
- हर पहलू पर जांच कर रही पुलिस टीम

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भीटी थाना क्षेत्र के चिवटीपारा गांव में 19 वर्षीय युवक के पेट में गोली लगने की घटना ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक ने बताया है कि गोली अवैध असलहे से खुद से चली थी।



पुलिस पूछताछ के दौरान युवक ने बयान दिया कि घटना के दौरान अवैध असलहे से गोली चल गई थी। इस बयान के बाद जांच टीम ने मामले को नए एंगल से खंगालना शुरू कर दिया है।

क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बयान की पुष्टि की है।

पुलिस के अनुसार अब तक मामले में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम घटना स्थल के आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है। अवैध असलहे की उपलब्धता और घटना की वास्तविक परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

### पोल्ट्री फार्म के पास देर शाम हुई थी घटना

घटना शुक्रवार देर शाम की बताई जा रही है। हर्ष सिंह अपने साथियों के साथ गांव के बाहर स्थित पोल्ट्री फार्म के पास गया था। इसी दौरान गोली चलने की सूचना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

घायल युवक को परिजन तुरंत भीटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# रात्रि चौपाल में सुनी गईं ग्रामीणों की समस्याएं
### प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में हुआ जनसंवाद कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। तहसील टांडा के ग्राम पंचायत बड्डूपुर में शुक्रवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री ओम प्रकाश राजभर की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं।

कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सामने रखीं। प्रभारी मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी और लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। लोगों को योजनाओं के लाभ और प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

रात्रि चौपाल के दौरान प्रभारी मंत्री ने छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे सामाजिक और पारिवारिक सहभागिता से जुड़ा आयोजन बताया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज, राजकीय हवाई पट्टी पर होगा मुख्य आयोजन
### सभी तैयारियां पूरी, मंत्री संजय निषाद रहेंगे मुख्य अतिथि

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को राजकीय हवाई पट्टी पर जिले का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशासन ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि आयोजन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं।

कार्यक्रम में मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, प्रांजल यादव, सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को कार्यक्रम का प्रभारी नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

जिलाधिकारी के अनुसार योग दिवस को लेकर जिले में 15 जून से योग सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। तहसील मुख्यालयों, विकास खंडों तथा प्रमुख धार्मिक और पौराणिक स्थलों पर नियमित योगाभ्यास सत्र आयोजित किए गए हैं।

राजकीय हवाई पट्टी पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद सुबह 5:30 बजे से सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों, चिकित्सकों तथा अधिवक्ताओं की सहभागिता रहेगी।

जिलाधिकारी ने सभी नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों और वार्ड स्तर पर भी सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

### दहशत : काली माता मंदिर के पास वारदात, पुलिस ने जांच के लिए पांच टीमें गठित कीं
# ससुराल जाते परिवार को बदमाशों ने रोका, चेन लूटी

**घटना**

- घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जैतपुर क्षेत्र में रविवार को ससुराल जा रहे एक परिवार को बदमाशों ने रोककर लूट की वारदात को अंजाम दिया।



विरोध करने पर युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया गया। घटना से इलाके में दहशत फैल गई।

घायल युवक की पहचान आजमगढ़ जिले के अहरौला क्षेत्र के हाशापुर गांव निवासी अभय राज यादव के रूप में हुई है। वह पत्नी मीना और तीन वर्षीय बेटे दिव्यांशु के साथ बाइक से ससुराल जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक तेजवीर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच के निर्देश दिए। पुलिस ने मामले की जांच के लिए पांच टीमों का गठन किया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और मार्ग पर गतिविधियों की जांच कर रही है, हालांकि बदमाशों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

### रास्ते में रोका, महिला से चेन छीनी

जानकारी के अनुसार, काली माता मंदिर के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने परिवार को रोक लिया। बदमाशों ने महिला के गले से चेन की मांग की। डर के कारण महिला ने चेन उतारकर दे दी।

इसी दौरान युवक ने विरोध किया तो बदमाशों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### अस्पताल में चल रहा इलाज

अपर पुलिस अधीक्षक तेजवीर सिंह के अनुसार युवक को गोली नहीं लगी है। उसे तमंचे के बट से चोट आई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# घर में घुसकर मारपीट महिला ने एसपी से लगाई गुहार
### रास्ता विवाद में हमला और तोड़फोड़ का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। जैतपुर थाना क्षेत्र के भट्टपुरवा (पैकौली बाजार) में रास्ते के विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता हेना बानो का आरोप है कि 10 जून 2026 की सुबह गांव के ही कुछ लोग पुराने रास्ते के विवाद को लेकर उसके घर पहुंचे। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद उसे और उसके परिवार को मारने के लिए दौड़ाया गया और फिर घर में घुसकर मारपीट की गई।

पीड़िता के अनुसार हमलावरों ने घर का सामान भी तोड़ दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने जाते-जाते उसे, उसके पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही फोन पर भी लगातार धमकी और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने बताया कि घटना के अगले दिन थाना जैतपुर में लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इससे नाराज होकर उसने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



# सम्पादकीय

## बिना फुटपाथ की सड़कें



सुप्रीम कोर्ट का यह कहना सराहनीय और स्वागतयोग्य है कि फुटपाथ पर पैदल चलने वालों का पहला अधिकार है। उसने इस अधिकार को मौलिक अधिकार बताते हुए यह भी स्पष्ट किया कि सड़कों पर वाहनों की आवाजाही से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि पैदल यात्री फुटपाथ पर बिना किसी बाधा के चल सकें। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में सरकारों को यह भी याद दिलाया कि यह एक ऐसा अधिकार है, जिसे लागू किया जा सकता है। आखिर फुटपाथ होते ही इसलिए हैं कि लोग उन पर चल सकें, लेकिन अन्य देशों और विशेष रूप से विकसित एवं साथ ही कई विकासशील देशों की तुलना में हमारे यहां फुटपाथ बड़े पैमाने पर अतिक्रमण का शिकार हैं। कहीं-कहीं तो वे अतिक्रमण के चलते गायब ही हो गए हैं।

अपने देश में फुटपाथों पर पैदल चलना इसलिए दूभर है, क्योंकि वे सही तरह सीमांकित नहीं हैं और यदि कहीं हैं भी तो कोई उसकी परवाह नहीं करता। कहीं रेहड़ी-पटरी वालों ने उन पर कब्जा कर लिया है तो कहीं दुकानदारों ने। यदि कहीं वे अतिक्रमण से मुक्त हैं तो भी उनमें वाहन खड़े नजर आते हैं या फिर दुकानों के साइनबोर्ड दिखते हैं।

वास्तव में अपने यहां फुटपाथों पर पैदल चलने की सुविधा के अलावा वह सब होता है, जो नहीं होना चाहिए। इसका ही नतीजा है कि आम तौर पर लोग सड़क किनारे चलने के लिए विवश होते हैं और दुर्घटनाओं की चपेट में आते हैं। इन दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष हजारों लोगों की मौत होती है। सुप्रीम कोर्ट का उक्त फैसला एक मोटर दुर्घटना मुआवजे के मामले से जुड़ा है, जिसमें एक पांच वर्षीय बच्चे की मौत इसलिए हो गई थी, क्योंकि वह जिस सड़क से जा रहा था, उस पर कोई फुटपाथ नहीं था। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं हो सकती कि सुप्रीम कोर्ट को शासन-प्रशासन को छोटी-छोटी बातें याद दिलाने के साथ इसके लिए निर्देश भी देने पड़ते हैं कि उसे अपने बुनियादी काम करने चाहिए। कायदे से तो सुप्रीम कोर्ट को यह कहने कि आवश्यकता ही नहीं पड़नी चाहिए थी कि फुटपाथ लोगों के चलने के लिए हैं और इसमें कोई बाधा नहीं आनी चाहिए, लेकिन उसे यह काम भी करना पड़ा। इसके प्रति तो उन्हें बिना किसी के कहे सचेत रहना चाहिए था, जिन पर फुटपाथों के रखरखाव और यह देखने की जिम्मेदारी है कि उन पर किसी तरह का अतिक्रमण न होने पाए। समस्या यह है कि ऐसे लोग अपनी जिम्मेदारी के प्रति तनिक भी सजग नहीं-चाहे वे नगर निकायों के अधिकारी-कर्मचारी हों या फिर यातायात पुलिस। इसके साथ ही हमारे नेतागण भी कभी इसकी चिंता नहीं करते कि उनके इलाकों में फुटपाथों पर चलना कठिन है। शायद इसलिए कि उन्हें फुटपाथ पर चलने की आवश्यकता नहीं पड़ती। फुटपाथों पर अतिक्रमण सबको दिखता है, लेकिन चेतता कोई नहीं।

## भव सागर को पार करना

हमारे जीवन के सागर को पार करना जिसमें समाया हो उस बिंदु का हमको चिंतन मिले । वह हम निज का चिंतन और अनुभव चिंतन में सदा मिला रहे । उन्हें अपने जीवन में सतर्क कर हम ग्रहण करें । वह भव सागर को पार हो जायें । समय कभी भी, किसी के लिए भी, किसी काम के लिए भी, पल भर भी रुकता नहीं हैं । यह सागर की लहरों की तरह अनवरत ही चलता ही रहता है । इसीलिए तो कहा गया है समय जो बीत गया सदा के लिए अतीत हुआ । उसको तो कोई भी,किसी तरह भी, कभी भी वापस नहीं ला सकता हैं । हमारे जीवन में दो तत्त्व आत्मा और शरीर हैं । दोनों की प्रकृति भिन्न- भिन्न हैं । आत्मा जहां चैतन्य स्वरूप हैं वही शरीर अजीव हैं , जड़ हैं । शरीर और आत्मा का मिला हुआ रूप हमारा जीवन होता हैं । कोरी आत्मा हैं, तो वहां शरीर, वाणी मन आदि वाला जीवन नहीं हो सकता हैं । जहां शरीर नहीं हैं वहां श्वासोच्छ्वास भी नहीं हो सकता हैं । जहां कोरा शरीर हैं, आत्मा नहीं हैं वहां भी जीवन नहीं हो सकता हैं । यह सामान्य बात हैं कि जीवन वहां होता हैं जहां शरीर और आत्मा दोनों मिश्रित होते हैं । वह जहां आत्मा शरीर से निकल गईं, वहां मृत्यु हो जाती हैं और जहां हमेशा के लिए शरीर छूट जाता हैं वह मोक्ष हो जाता हैं । शास्त्र में कहा गया हैं कि शरीर एक नौका हैं । संसार रूपी समुद्र को पार करने के लिए इस शरीर को नौका के रूप में उपयोग किया जा सकता हैं । नौका निश्छिद्र होनी चाहिए क्योंकि छेद वाली नौका डुबोने का काम कर सकती हैं । शरीर रूपी नौका में आश्रव छेद के समान हैं, जिनमें से कर्म पुद्गलों का आगमन होता रहता हैं । किस्मत के लेख व्यक्ति खुद लिखता है, मेहनत से ऊर्जा में प्रतीकता आती है । मेहनत के बिना किस्मत नहीं बनती, श्रम से जीवन न्याय सम्मत बनाता हैं । भाग्य की पूरी प्रक्रिया श्रम करता है । जीवन यात्रा बिना श्रम के अधूरी है । श्रम ही जीवन को सफल बनाता है उसी से जीवन जीने का मजा आता है।

› प्रदीप छाजेड़

# नई दिशा: नया दौर

> वर्ष 2011-12 में जहाँ देश की 27 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे थी, वहीं अब यह आकड़ा घटकर 5 प्रतिशत से सभी नीचे चला गया है। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गये हैं। देश में लम्बे समय तक टेलीफोन, घरेलू गैस, कार और स्कूटर खरीदने के लिये वर्षों तक इंतजार करना पड़ता था, परन्तु अब ऐसा कुछ नहीं है।

> मोदी ने अपने सत्ता के आरम्भिक वर्षों में यह भी घोषणा की थी कि वह देश के प्रधान सेवक हैं तो उसका आशय स्पष्ट था कि उनका कोई निजी एजेंडा नहीं, यहाँ तक कि उनका कोई निजी जीवन भी नहीं। श्री गुरु जी के शब्दो में ''इदं, न मम, इदं राष्ट्राय स्वाहा।'' यानी मेरी एक-एक सांस देश के लिये जन-जन के लिये समर्पित है। वस्तुतः नरेन्द्र मोदी ने अपने 12 वर्षों के शासनकाल में उस 'सन्यासी राजा की अवधारणा के चरितार्थ किया, साकार किया, जिसका परिणाम है- एक विकसित, महान और शक्तिशाली भारत की दिशा में देश का सतत अभियान।'' लोग कह सकते हैं कि मोदी यदि देश के 12 वर्ष तक सतत प्रधानमंत्री रहे तो इससे क्या ? वस्तुतः इसके बहुत बड़े मायने हैं।

हमारे शास्त्र कहते हैं - ''संगच्छध्वं/संवदध्वं सं वो मनासि जानताम। देवा भागे यथा पूर्व संजानाना उपासते।।'' अर्थात हम सभी मिलकर चले, सभी एक स्वर में बोले तथा सभी समान मन वाले होकर विचार करें जैसा कि प्राचीन समय में देवता स्वयं किया करते थे। बतौर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 1914 को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम अपने पहले सम्बोधन में राष्ट्र के सभी जनों को उसी भावना के तहत- एक साथ चलें, एक साथ सोचें, एक साथ प्रतिबद्ध होकर आपसी सहमति से कार्य करने की अपेक्षा की थी। उस अवसर पर उन्होंने बहुत साफ शब्दों में कहा था- लाल किले की यह प्राचीर राजनीति का नहीं, वरन राष्ट्रनीति का मंच है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था- ''हमारी सोच ऐसी हो गई है कि मेरा क्या ? मुझे क्या ? यानी किसी कार्य को करने से यदि मेरा कोई स्वार्थ सिद्ध होता है तो ठीक वरना उस कार्य को करने में हमारी कोई रूचि नहीं होती जबकि हमारी प्राथमिकता में राष्ट्र होना चाहिए।

इसी तरह से 'सब होता है', 'सब चलता है', जो देश के जन जीवन में आदर्श वाक्य बन गये थे, उसके लिये भी मोदी ने कह दिया था कि यह सब चलने वाला नहीं। फलतः देश की राजनीति में मनमानी और लूट की जगह एक सुशासन का दौर शुरू हुआ। इसीलिये मोदी सरकार ने शुरूआती दौर में ही यह नियम बनाया कि भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्बन्ध में अभियोजन चलाने हेतु केन्द्र या राज्य सरकारें तीन सप्ताह के भीतर अनुमति देगी और यदि यह अनुमति नहीं मिलती है तो इसे मौन स्वीकृति के रूप में मान लिया जायेगा। भ्रष्टाचार के विरूद्ध युद्ध स्तर पर अभियान चलते के लिये यह निर्णय मील का पत्थर साबित हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने जब यह कहा था- ''पहले शौचालय फिर देवालय'' तो बहुत से लोगो को अटपटा लगा था लेकिन आज जब देश बहुत हद तक खुले में शौच से मुक्त हो गया है तो इसके बहुत बडे.मायने हैं।



पहली बात तो यह कि एक चाय वाला देश में स्वतंत्रता के बाद सबसे ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री रहा जबकि देश में एक खानदान विशेष का सत्ता से एकाधिकार माना जाता था। दूसरे उस 12 वर्ष में देश ने कैसे चमत्कारिक ढंग से छलांग लगाई। यह शायद ही किसी ने सोचा होगा कि एक समय ऐसा भी होगा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था होगी। यहाँ तक कि उस दैत्याकार चीन से भी ज्यादा जिसकी प्रगति दुनिया के लिये एक पहेली है। सिर्फ सैन्य शक्ति में ही नहीं अब अंतरिक्ष में भी हम अमेरिका, रूस और चीन की तरह एक महाशक्ति हैं। चन्द्रयान को तो चन्द्रमा में भेज ही चुके हैं, अब मंगलयान को मंगल में भेजने की तैयारी है। वर्ष 2014 तक भारतीय अर्थव्यवस्था मात्र दो खरब डालर की थी, लेकिन अब वह चार खरब डालर से अधिक की अर्थव्यवस्था बन चुका है। मोदी सरकार के 12 वर्षों में 65 करोड़ से अधिक लोगो के खाते खाले गये, जिसमें ढ़ाई लाख करोड़ रूपये से ज्यादा सरकार द्वारा दिये गये। 44 लाख आयुष्मान कार्ड बनाये गये, जिसमें दस करोड़ से ज्यादा लोग अभी तक लाभान्वित हो चुके हैं। गरीबो के लिये 4 करोड़ से ज्यादा आवास बनाये गये हैं। हथियारों के मामले में हमारा रक्षा निर्यात 56 गुना बढ़ चुका है। तो हमारा निर्यात भी विगत 12 वर्षों में 35 गुना बढ़ चुका है। हवाई अड्डो और अस्पतालों की संख्या दुगुनी हो चुकी है। एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्गों का तेजी से निर्माण हुआ है। रेलों और रेल्वे स्टेशनों का कायाकल्प हो गया है। नक्सलवाद जो देश में एक नासूर की तरह व्याप्त था, वह 31 मार्च 2026 को पूरी तरह समाप्त हो गया है। सिर्फ प्रधानमंत्री अब प्रधान सेवक नहीं वरन राजपथ कर्तव्यपथ बन गया है। 7 रेसकोर्स रोड़, लोक कल्याण मार्ग बन गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ और राज्य भवन, लोक भवन बन गये हैं। जल सेना का प्रतीक चिन्ह अब महान छत्रपति शिवाजी की याद दिलाता है। गणतंत्र दिवसर के अंत में अब सेना द्वारा अंग्रेजी धुन नहीं, 'ऐ मेरे वतन के लोगों' की धुन सुनाई पड़ती है। यह वह भारत है जिसने गत वर्ष पाकिस्तान के विरूद्ध आपरेशन सिन्दूर में अपने लक्ष्य को 22 मिनट में प्राप्त कर लिया था। निसंदेह भारत अब एक महाशक्ति है। आज के भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं, जिनका अतिक्रमण करने की पाकिस्तान तो क्या चीन तक हिम्मत नहीं करता। वस्तुतः यह प्रधानमंत्री मोदी के भ्रष्टाचार-मुक्त भारत, जातिवाद-मुक्त भारत, साम्प्रदायिकता-मुक्त भारत, परिवारवाद एवं वंशवाद से मुक्त भारत, वोट बैंक की राजनीति से मुक्त भारत, चापलूसी और व्यक्ति-पूजा से मुक्त भारत की ओर की यात्रा है। अब नेहरू माडल की तरह पश्चिम की नकल के आधार पर नहीं, राष्ट्रीय आकांक्षा उसकी जरूरतों और परिस्थितियों के हिसाब से नीतियाँ बनाई जा रही हैं। मोदी विरोधी चाहे जो कहें, परन्तु अधिकांश जनमत सर्वे यही बता रहे हैं कि 2029 में आम चुनावों में भी मोदी की वापिसी होगी और यह देश में प्रगति का जो कारवां चल पड़ा है वह बढ़ता ही जायेगा लेकिन यह उपलब्धियाँ सिर्फ मोदी सरकार की आर्थिक प्रगति ही नहीं, स्व के जागरण का भी नतीजा है।

**वीरेन्द्र सिंह परिहार**

## इतिहास गवाह है ...

ललित गर्ग

# संगीत है शांति, संवेदना और मानवता का स्वर

आज का विश्व अभूतपूर्व संकटों के दौर से गुजर रहा है। एक ओर युद्धों की विभीषिका है, दूसरी ओर आतंकवाद का भय, सामाजिक हिंसा, मानसिक तनाव, अवसाद, अकेलापन और असहिष्णुता का बढ़ता हुआ वातावरण। विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन को सुविधासंपन्न तो बनाया है, लेकिन मनुष्य के भीतर की शांति, संतुलन और आनंद कहीं खोता जा रहा है। ऐसे समय में यदि कोई शक्ति मनुष्य को स्वयं से, समाज से और मानवता से पुनः जोड़ सकती है तो वह है- संगीत। संगीत केवल मनोरंजन नहीं है, यह मनुष्य के भीतर छिपी संवेदनाओं का जागरण है। यह आत्मा की भाषा है, जो बिना शब्दों के भी ह्दय तक पहुंच जाती है। यही कारण है कि 21 जून को विश्व संगीत दिवस केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता को शांति, संवेदना और सौहार्द का संदेश देने वाला वैश्विक उत्सव बन गया है। विश्व संगीत दिवस का आरम्भ 1982 में फ्रांस से हुआ था। इसका मूल उद्देश्य था कि संगीत सभागारों और मंचों तक सीमित न रहे, बल्कि सड़कों, पार्कों, चौपालों और जनजीवन में उतरे। धीरे-धीरे यह उत्सव 120 से अधिक देशों तक पहुंच गया। आज यह दिन हमें याद दिलाता है कि संगीत किसी देश, धर्म, जाति या भाषा का नहीं, बल्कि



सम्पूर्ण मानवता का साझा धरोहर है। वर्तमान समय में दुनिया का सबसे बड़ा संकट केवल युद्ध नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर बढ़ती हुई कठोरता और संवेदनहीनता है। हथियारों से पहले विचार हिंसक होते हैं और विचारों को मानवीय बनाने का सामर्थ्य संगीत में है। संगीत मनुष्य के भीतर करुणा, प्रेम और सह-अस्तित्व की भावना जगाता है। जहां संवाद समाप्त हो जाता है, वहां संगीत संवाद का नया मार्ग खोल देता है।

इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी शांति नहीं दी, लेकिन संगीत ने सदैव टूटे हुए दिलों को जोड़ा है। सैनिक मोर्चों पर भी गीतों ने साहस जगाया है और शांति आंदोलनों में भी संगीत ने मानवता की आवाज बनकर कार्य किया है। आज जब दुनिया के अनेक हिस्से संघर्षों से जूझ रहे हैं, तब संगीत सीमाओं से परे जाकर मनुष्यों के बीच एक अदृश्य पुल का निर्माण कर सकता है। संगीत का सबसे बड़ा चमत्कार यह है कि यह मनुष्य को भीतर से स्वस्थ बनाता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी स्वीकार किया है कि संगीत केवल कानों को सुख नहीं देता, बल्कि शरीर और मस्तिष्क पर गहरा सकारात्मक प्रभाव डालता है। अनेक शोधों से प्रमाणित हुआ है कि मधुर संगीत तनाव हार्मोन को कम करता है, रक्तचाप को नियंत्रित करता है, अनिद्रा में राहत देता है तथा अवसाद और चिंता जैसी मानसिक समस्याओं को कम करने में सहायक होता है।

आज दुनिया में करोड़ों लोग मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे हैं। प्रतिस्पर्धा, भागदौड़, अकेलापन और डिजिटल जीवनशैली ने मनुष्य को भीतर से थका दिया है। ऐसे समय में संगीत एक औषधि की तरह कार्य करता है। यही कारण है कि विश्व के अनेक अस्पतालों में संगीत-चिकित्सा- म्यूजिक थैरेपी का प्रयोग किया जा रहा है। यह चिकित्सा व्यक्ति के मन को शांत कर उसके भीतर आशा और सकारात्मकता का संचार करती है। संगीत का संबंध केवल स्वास्थ्य से नहीं, बल्कि रचनात्मकता और सृजनशीलता से भी है। जहां संगीत होता है, वहां जीवन में लय होती है। लयहीन जीवन तनाव पैदा करता है, जबकि संगीत जीवन को संतुलन प्रदान करता है। संगीत सुनने वाला व्यक्ति अधिक संवेदनशील, अधिक कल्पनाशील और अधिक रचनात्मक बनता है। यही कारण है कि साहित्य, कला, चित्रकला, नृत्य और अन्य सृजनात्मक क्षेत्रों में संगीत की उपस्थिति अनिवार्य मानी जाती है। यदि गहराई से देखा जाए तो संपूर्ण प्रकृति स्वयं एक विराट संगीत है। पक्षियों का कलरव, कोयल की कूक, झरनों की कलकल, समुद्र की लहरों का संगीत, वर्षा की रिमझिम, हवा की सरसराहट और पत्तों की थिरकन-सबमें संगीत की ही अभिव्यक्ति है। प्रकृति का यह संगीत हमें सिखाता है कि जीवन संघर्ष नहीं, समन्वय का नाम है। जहां समन्वय है, वहां संगीत है; जहां संगीत है, वहां शांति है। भारतीय संस्कृति में संगीत को दिव्यता का स्वरूप माना गया है। भगवान शिव के डमरू से निकली ध्वनियों को सृष्टि के प्रथम नाद का प्रतीक माना गया है। भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी केवल एक वाद्य यंत्र नहीं, बल्कि प्रेम, आकर्षण और आत्मिक एकता का प्रतीक है। मां सरस्वती के हाथों में वीणा ज्ञान और संगीत के अद्भुत समन्वय का संदेश देती है।

## रोजगार भी ...

अजय द्विवेदी,

# भारत का योग वैश्विक स्वास्थ्य के क्षेत्र में निभा रहा है महत्वपूर्ण भूमिका

हजारों वर्षों से प्रचलित भारत का योग आज विश्व में अपनी खास पहचान बना चुका है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मस्तिष्क, बौद्धिक क्षमता विकसित करने, शारीरिक बलिष्टता, मन-मस्तिष्क का ध्यान केन्द्रित करने सहित तमाम रोगों में लाभकारी योगासन आज विश्व के हर देश में अपनाया जा रहा है। हमारे देश के ऋषियों, मुनियों ने योग के बल पर मन मस्तिष्क को संयमित रखते हुए समाज को नई दिशा दी, जिसमें सामाजिक एकता और सद्भाव बनी रही और भारत विश्व गुरू के रूप में जाना जाने लगा। योग साधना से ही देश के ऋषि, तपस्वी निरोगी जीवन व्यतीत करते हुए पूरा स्वस्थ जीवन जीते थे। योगासन आज देश-विदेश में सभी आयुवर्ग में बहुत लोकप्रिय हो गया है। भारत की प्राचीन परंपरा योग को कायम रखने के लिए देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा में योग को वैश्विक स्तर पर अपनाने का आह्वान किया जिसे संयुक्त राष्ट्र ने अपनाते हुए वर्ष 2015 को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के आयोजन की घोषणा की और तब से प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आज विश्व के 190 से अधिक देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। आज विश्व में योगासन जन आन्दोलन का रूप ले चुका है। योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाकर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विश्व बिरादरी को हमारी प्राचीन योग परम्परा का बहुमूल्य उपहार दिया है। विश्व के तमाम देश चाहे वह विकसित हो या विकासशील, योग को अपनाकर अपने नागरिकों को स्वस्थ बना रहे है। भारत में शिक्षण संस्थाओं में एक विषय के रूप में योग को अपनाया गया है, वहीं विश्व के देश भी शैक्षिक स्तर पर योग को अपना रहे है। जब पूरा विश्व कोविड-19 के संक्रमण का शिकार हुआ तब डॉक्टरो, शोधकर्ताओं ने व्यक्ति के शरीर में प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने पर बल दिया गया। चिकित्सा वैज्ञानिकों द्वारा यह माना गया कि जिस व्यक्ति में प्रतिरोधक क्षमता अच्छी है, उसे कोरोना का संक्रमण नही होगा। कोरोना की रोकथाम के लिए विश्व में आज जो भी वैक्सीन बनी है, वह भी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए है। ऐसे समय में भारत की योग-साधना से लोग अपनी प्रतिरोध क्षमता बढ़ा रहें है। भारत का योग अतिरिक्त प्रभावशाली उपचार पद्धति के रूप में प्रतिष्ठित हुआ हैं। योगासन अब एक खेलकूद के रूप में स्थापित हो चुका है। इसकी लोकप्रियता से रोजगार भी प्राप्त हो रहे है। मन और मस्तिष्क दोनों अलग-अलग चीजें हैं। लेकिन योग ही ऐसी विधा है कि मनुष्य का शरीर भी स्वस्थ रहता है, तथा मन भी स्वस्थ रहता है एवं मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। मन को योग ही प्रसन्न रख सकता है। व्यायाम से केवल शरीर स्वस्थ रहता है मन नहीं। आज की व्यस्ततम जीवन शैली में योग प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है। प्रदेश में गत वर्ष 21 जून, 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसकी थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" रखी गई थी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश के जनपद मुख्यालयों, तहसीलों, नगर निगम, ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवरों के किनारे सामूहिक योगासन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लेते हुए सामूहिक योगासन किया।

## जरा हटके

# जौनपुर के युवाओं की उद्यमशीलता को प्रशासन के संबल से मिली उड़ान

उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के युवाओं को स्वावलंबी बनाने और राज्य में उद्यमशीलता का एक नया, सकारात्मक तथा ऊर्जावान माहौल तैयार करने के लिए निरंतर और प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत है। वर्तमान परिदृश्य में जब युवाओं की आकांक्षाएं और उनकी क्षमताएं चरम पर हैं, तब प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में उनकी सीधी भागीदारी सुनिश्चित करना एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

इसी दिशा में ''मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान'' एक बेहद महत्वाकांक्षी, क्रांतिकारी और दूरदर्शी पहल के रूप में उभरकर सामने आया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के शिक्षित, ऊर्जावान और कुशल युवाओं को केवल रोजगार की कतार में खड़े रहने से बाहर निकालकर, उन्हें आवश्यक वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन और बुनियादी संसाधन प्रदान कर नौकरी प्रदाता बनाना है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल जनसांख्यिकी वाले राज्य में, जहां युवाओं की एक बहुत बड़ी आबादी विकास की वास्तविक ताकत है, यह अभियान औद्योगिक विकास और समग्र आर्थिक प्रगति की सबसे मजबूत रीढ़ साबित हो रहा है। शासन की यह सोच बिल्कुल स्पष्ट है कि यदि प्रदेश का युवा आत्मनिर्भर होगा, तो राज्य स्वतः ही प्रगति के नए शिखरों को स्पर्श करेगा।

इस युगांतरकारी योजना के तहत राज्य के युवाओं को अपना नया उद्योग, सेवा क्षेत्र की इकाई या व्यापार शुरू करने के लिए ब्याज मुक्त ऋण और सब्सिडी जैसे अभूतपूर्व वित्तीय लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। योजना का मुख्य फोकस विशेष रूप से उन युवाओं पर केंद्रित किया गया है, जिन्होंने विभिन्न तकनीकी संस्थानों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलिटेक्निक अथवा विश्वविद्यालयों से विधिवत व्यावसायिक शिक्षा और डिग्री प्राप्त की है। इस रणनीति के पीछे शासन की मंशा यह है कि इन युवाओं की विशेषज्ञता और तकनीकी दक्षता का उपयोग सीधे तौर पर राज्य के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की नींव को मजबूत करने में किया जा सके।



इसके जरिए ग्रामीण और शहरी, दोनों ही परिवेश के युवाओं को बिना किसी भेदभाव के प्रगति के समान अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के नए अवसर भारी मात्रा में सृजित हो रहे हैं, बल्कि बेहतर आजीविका की तलाश में बड़े महानगरों की ओर होने वाले पलायन में भी उल्लेखनीय और ऐतिहासिक कमी दर्ज की जा रही है। शासन ने डिजिटल प्लेटफॉर्म और सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम के माध्यम से पूरी आवेदन प्रक्रिया को बेहद सरल, सुगम और पारदर्शी बना दिया है, जिससे नए उद्यमियों को अपने शुरुआती स्तर पर किसी भी प्रकार की अड़चनों का सामना न करना पड़े।

केवल वित्तीय सहायता प्रदान करने तक ही यह अभियान सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के सर्वांगीण कौशल विकास और उन्हें एक परिपक्व व्यवसायी बनाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण पर भी समान रूप से जोर देता है। नए उद्यमियों को बाजार की बदलती मांग, आधुनिक तकनीक के उपयोग, डिजिटल मार्केटिंग की बारीकियों और सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन के गुर सिखाने के लिए विशेष मेंटरशिप कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशासन की देखरेख में चलने वाले इन कार्यक्रमों से युवाओं में व्यावसायिक जोखिम लेने की क्षमता और बाजार को समझने की सूझबूझ का तीव्र गति से विकास हो रहा है।

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र को इस योजना से सीधा और अत्यंत प्रभावी प्रोत्साहन मिल रहा है, जो कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक बेहद महत्वपूर्ण और अभिन्न हिस्सा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के सशक्त माध्यम से उत्तर प्रदेश न केवल आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से कदम बढ़ा रहा है, बल्कि संपूर्ण देश के एक प्रमुख स्टार्टअप हब के रूप में अपनी एक नई पहचान स्थापित करने में भी सफल हो रहा है।

शासन की इसी कल्याणकारी सोच और प्रशासनिक स्तर पर दी जा रही बेहतरीन सुविधाओं का सबसे जीवंत और सकारात्मक प्रभाव जौनपुर जिले में देखने को मिल रहा है। जिले में स्थानीय प्रशासन द्वारा युवाओं को हर संभव सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने सपनों को यथार्थ के धरातल पर उतार सकें। जौनपुर में इस योजना के सफल क्रियान्वयन ने यह साबित कर दिया है कि जब सरकार की नीतियां सही हों और प्रशासन उनका पूरी ईमानदारी से साथ दे, तो जमीनी स्तर पर व्यापक बदलाव लाए जा सकते हैं। इस जिले के युवाओं ने शासन द्वारा प्रदान किए गए इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी बेरोजगारी को समाप्त कर न केवल अपना भविष्य संवारा है, बल्कि समाज के अन्य वर्गों के लिए भी प्रेरणा का मजबूत स्रोत बन गए हैं। इसी सकारात्मक और उत्साहवर्धक माहौल के बीच जौनपुर जिले की एक सशक्त बेटी सबके लिए प्रेरणा बनकर उभरी है। ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी अनामिका सरोज, जो कि मछलीशहर के कुरनी, समधगंज की निवासिनी हैं, ने स्नातक की शिक्षा पूरी करने के बाद अपने भविष्य को लेकर कई सुनहरे सपने संजोए थे। एक सामान्य ग्रामीण परिवार से आने के बावजूद, उनके भीतर अपने पैरों पर खड़े होकर परिवार का मुख्य आर्थिक सहारा बनने की अदम्य इच्छाशक्ति थी। हालांकि, रोजगार की तलाश में उन्होंने कई प्रयास किए, लेकिन कोई सफलता न मिल सकी। समय बीतता गया लेकिन अनामिका ने संघप्रयास जारी रखे। इसी कठिन संघर्ष के दौर में उन्हें शासन की इस अत्यंत लाभकारी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त हुई। यह योजना उनके भविष्य के लिए आशा की एक नई किरण बनकर सामने आई।

# 24 जिलों में लू चल रही ■ 9 में बरसात का अलर्ट ■ 25 जून तक मानसून आएगा

# राजधानी में बदला मौसम तेज हवा के साथ बारिश

**लखनऊ में शनिवार दोपहर 2 बजे अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए। तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। करीब 10 मिनट तक हुई बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।**

## राहत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी। यूपी के मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। लखनऊ में शनिवार दोपहर 2 बजे अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए। कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। करीब 10 मिनट तक हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

इससे पहले सुबह-सुबह सोनभद्र में तेज बारिश हुई। आज 24 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। सहारनपुर, आगरा और झांसी समेत 9 जिलों में बारिश की भी संभावना है। हालांकि, ज्यादातर जिलों में तेज धूप है। हवा की रफ्तार कम होने से उमस का एहसास हो रहा है।

उधर, प्रदेश में मानसून लेट हो गया है। यूपी-बिहार बॉर्डर तक पहुंचने के बाद मानसून 5-6 दिनों से महराजगंज के पास ठहरा हुआ है। मौसम विभाग (IMD) का कहना है कि 23 जून से मानसून आगे बढ़ना शुरू करेगा। अनुकूल परिस्थितियां बनी रहीं तो 25 जून तक यूपी में मानसून की एंट्री हो सकती है।



■ सोनभद्र में शनिवार सुबह झमाझम बारिश हुई। रुक-रुक कर करीब दो घंटे तक बारिश का सिलसिला जारी रहा।

## आगरा में बादल छाए, दिन में बारिश की संभावना

आगरा में शनिवार सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए हैं, जिससे सुबह के समय धूप की तपिश कम महसूस हो रही है। फिलहाल शहर का तापमान करीब 33°C दर्ज किया गया है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के अनुसार आज अधिकतम तापमान 41°C और न्यूनतम तापमान 27°C रहने का अनुमान है। दिनभर आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ एक-दो दौर की हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है।

## वाराणसी में पारा 43 डिग्री सेल्सियस

वाराणसी में आज तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हवा की रफ्तार 13 किलोमीटर प्रति घंटा है। नमी 34% बनी हुई है। AQI 68 है। पिछले 24 घंटे के आंकड़े के अनुसार, बनारस देश का तीसरा सबसे गर्म शहर है। मौसम विभाग ने 24 जून तक लू और तपिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 25 जून से बादलों की आहट हो सकती है। 900 मेगावाट के पार पहुंचा बिजली डिमांडः प्रचंड गर्मी में बेतहाशा बिजली कटौती से लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। 900 मेगावाट के पार पहुंच चुकी डिमांड के बीच शहर के अनेक हिस्सों में पूरी रात बिजली नहीं मिल पा रही है।


■ अयोध्या में सुबह से तेज धूप है। उमस से लोगों का हाल बेहाल है। दिन में सरयू घाट पर लोगों की संख्या काफी कम दिखी।

## लखनऊ में तेज धूप, 5 दिनों तक तापमान बढ़ता रहेगा

लखनऊ में सुबह से तेज धूप है। उमस और तपन परेशान कर रही है। अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाएगा। मौसम विभाग ने बिना जरूरत के घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 5 दिनों के दौरान तापमान बढ़ता रहेगा। लू की स्थितियां जारी रहने की संभावना है। फिलहाल, मानसून के यूपी और लखनऊ में आने की परिस्थिति अनुकूल नहीं है।

# निर्माणाधीन नाले में गिरा बाइक सवार मौत

## एलडीए की लापरवाही से हुआ हादसा

तमसा संकेत, एजेंसी


रंजीत विश्वकर्मा, मृतक

दुबग्गा। लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक निर्माणाधीन नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय रंजीत विश्वकर्मा पुत्र राम किशन के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की ओर से कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई। निर्माण स्थल पर पर्याप्त बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेत नहीं लगाए गए थे।

रंजीत मूल रूप से उन्नाव के औरास थाना क्षेत्र स्थित सरायबद्री गांव का निवासी था। वह वर्तमान में पारा क्षेत्र की हंसखेड़ा चौकी के पास सदरौना में किराए के मकान में अपनी पत्नी प्रीति और दो बच्चों के साथ रहता था। वह वेल्डिंग का काम करता था। शनिवार सुबह करीब पांच बजे रनिंग करने निकले कुछ युवकों ने परशादी खेड़ा के पास, पारा देशी शराब ठेके के आगे निर्माणाधीन नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान उसके वाहन के नंबर के आधार पर की गई और परिजनों को सूचित किया गया।

## फास्ट न्यूज

### थाईलैंड जा रहे पर्यटक ड्रग कूरियर बनकर लौट रहे

लखनऊ। बैंकॉक की फ्लाइट वाया मस्कट लखनऊ आई। मोहम्मद इमरान 8.5 किलो हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) लेकर आया था। इमरान मुंबई का रहने वाला था। जब वह इमिग्रेशन काउंटर पर पहुंचा तो टीम को उसकी ट्रेवल हिस्ट्री देखकर शक हुआ। पूछताछ में पता चला कि वह ड्रग कूरियर है। उसे लखनऊ में किसी को बीड डिलीवरी करनी थी।

### पांचो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 677 प्रकरण प्राप्त हुए

लखनऊ । जनपद लखनऊ की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये । सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 53 में से 10 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 73 में से 07 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बी0के0टी0 में 154 में से 20 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 269 में से 77 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 128 में से 05 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया।

### हॉस्पिटल के बाहर से एमआर की बाइक चोरी

लखनऊ। लखनऊ के हसनगंज इलाके में ग्रीन हॉस्पिटल के बाहर खड़ी एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (MRर) की बाइक चोरी हो गई। घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में एक युवक बाइक ले जाता दिखाई दे रहा है।

फैजुल्लागंज के लक्ष्मीनगर निवासी नरेंद्र कुमार शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह MR हैं।

# नीट एग्जाम सेंटर के 50 मीटर दायरे में नहीं होगी पार्किंग

## अभ्यर्थियों के गार्जियन भी नहीं खड़े हो सकेंगे

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । NEET एग्जाम सेंटर के 50 मीटर के दायरे में कोई भी पार्किंग नहीं रहेगी, न ही अभ्यर्थियों के गार्जियन खड़े हो सकेंगे। जिन सेंटर की बाउंड्री छोटी है, उनके बाहर विशेष निगरानी की जाएगी। ये निर्देश लखनऊ के जॉइंट कमिश्नर बबलू कुमार ने शनिवार को पुलिस अधिकारियों को मीटिंग में दिए। दरअसल, रविवार 21 जून को लखनऊ के 75 सेंटर्स पर NEET का री-एग्जाम है। इसी की तैयारी में जॉइंट सीपी ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में तय किया गया कि परीक्षा केंद्रों के 50 मीटर दायरे में किसी भी वाहन को खड़ा नहीं होने दिया जाएगा। साथ ही केंद्र के आसपास अनावश्यक रूप से किसी व्यक्ति के खड़े रहने पर भी रोक रहेगी। कोई खड़ा होता है तो उसे हटाया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी परीक्षा केंद्रों की बाउंड्री वॉल की जांच कराई जाएगी। जिन केंद्रों की दीवारें छोटी हैं, वहां सुरक्षा कर्मियों को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी तरह की नकल या बाहरी हस्तक्षेप की संभावना न रहे।

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में केवल एडमिट कार्ड, आधार कार्ड और 3 पासपोर्ट साइज फोटो ले जाने की अनुमति होगी। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस समेत किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक वस्तु केंद्र के अंदर ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

## गोमती नदी में बहता मिला महिला का शव

लखनऊ। लखनऊ के चौक थाना क्षेत्र में गौतम बुद्ध पार्क के पीछे गोमती नदी में शनिवार को एक अज्ञात महिला का शव गोमती नदी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी किनारे से बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया। मृतका की उम्र करीब 35 साल बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक महिला का शव नदी के बहाव के साथ किनारे पर आकर रुक गया था। मृतका ने लाल रंग के कपड़े पहन रखे थे। उसके बाएं हाथ पर अंग्रेजी में 'Sonam' और 'Love Ma' लिखा हुआ टैटू बना मिला है। शुरुआती जांच में शव पर किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं।

पुलिस ने मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों, गोताखोरों और आसपास के निवासियों से महिला की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम और शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जनभागीदारी से होंगे विशेष आयोजन

# अमृत सरोवरों पर सामूहिक योग और स्वच्छता से गूंजेगा प्रदेश



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर व्यापक जनभागीदारी के साथ सामूहिक योग के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों पर आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा सभी जनपदों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि अमृत सरोवर स्थलों पर सामूहिक योग सत्र, एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय समुदाय, स्कूली छात्र-छात्राओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों तथा अन्य हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत सरोवरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में 'सरोवर संवाद' का भी आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्रामीणों को वीबी- जी राम जी योजना के प्रावधानों एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।




### जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रमों से जोड़े

मौर्य ने कहा कि अमृत सरोवर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता और सामुदायिक चेतना के केंद्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इन स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी का संदेश देंगे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूहों, स्वयं सहायता समूहों, पद्म पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों, युवा समूहों, शिक्षण संस्थानों तथा जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रमों से जोड़ते हुए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग श्री जी.एस. प्रियदर्शी ने सभी जनपदों को निर्देश दिए हैं कि आयोजित कार्यक्रमों की फोटोग्राफ एवं गतिविधियों का विवरण मिशन अमृत सरोवर पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा कार्यक्रम सम्पन्न होने के दो दिवस के भीतर राज्य मुख्यालय को विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

## अखिलेश यादव बोले गोमती समेत प्रदेश की नदियां अस्तित्व के संकट से जूझ रहीं

# 'भ्रष्ट नीतियों से नदियों की हालत बदतर हुई'

**सपा सरकार बनने पर फिर चलाया जाएगा सफाई अभियान : अखिलेश यादव**

अरमान

तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर प्रदेश की नदियों की उपेक्षा और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण नदियों की हालत लगातार खराब होती जा रही है और लखनऊ की गोमती नदी भी अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान गोमती नदी समेत प्रदेश की अन्य नदियों की सफाई और उनके निर्बाध प्रवाह के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि गोमती नदी पर विश्वस्तरीय रिवर फ्रंट का निर्माण कराया गया था और शहर के नालों का गंदा पानी नदी में न जाए, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और विकास व जनस्वास्थ्य के लिए कोई ठोस काम नहीं हो रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि वर्ष 2027 में प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाएगी।



> **अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन प्रदेश की गंगा, यमुना, गोमती और काली नदी समेत कई नदियां बदहाल हैं। इसका असर नदियों के किनारे रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य और जलीय जीवों पर पड़ रहा है।**

### गोमती नदी का जल स्तर घट रहा

सपा अध्यक्ष ने कहा कि गोमती रिवर फ्रंट नदियों की सफाई के लिए एक मॉडल था, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया। उनका आरोप है कि आज गंदे नाले सीधे नदियों में गिर रहे हैं, जिससे गोमती नदी का जल स्तर घट रहा है और कई स्थानों पर उसका प्रवाह रुक गया है। उन्होंने कहा कि गोमती नदी कई जगहों पर सूखने की स्थिति में पहुंच गई है और प्रदेश की अन्य नदियों का भी यही हाल है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण जल और वायु प्रदूषण जैसी समस्याएं विकराल रूप धारण कर रही हैं। नदियों की सफाई के नाम पर बजट में भारी लूट हुई है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार ने मां गंगा की सफाई का वादा किया था, लेकिन हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद नदी की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कई शहरों में आज भी गंदे नाले गंगा में गिर रहे हैं और यही स्थिति यमुना समेत अन्य नदियों की भी है।

# उत्तर प्रदेश सरकार की पहल

## सरदार वल्लभभाई पटेल इम्प्लॉयमेंट एवं इंडस्ट्रियल जोन के विकास के लिए एंकर पार्टनर चयन हेतु अभिरुचियां आमंत्रित

■ **निदेशालय ने इच्छुक एवं पात्र संस्थाओं से 27 जून, 2026 तक अभिरुचियां आमंत्रित की हैं। एंकर पार्टनर का चयन निर्धारित मानकों एवं प्रक्रिया के अनुरूप किया जाएगा।**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप स्किल्ड एवं सेमी-स्किल्ड मानव संसाधन तैयार करने तथा युवाओं को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण एवं प्लग एंड प्ले सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कानपुर द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल इम्प्लॉयमेंट एवं इंडस्ट्रियल जोन के विकास, संचालन, प्रबंधन एवं क्रियान्वयन के लिए पात्र एवं इच्छुक संस्थाओं से एंकर पार्टनर के चयन हेतु अभिरुचि (Expression of Interest-EoI) आमंत्रित की गई है।





यह परियोजना प्रदेश में "हब-एण्ड-स्पोक" मॉडल पर विकसित की जाएगी। इसके माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों की मांग के अनुरूप कुशल एवं अर्द्धकुशल कार्यबल तैयार करने, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं का एकीकृत विकास करने तथा युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण, उद्योग और रोजगार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति देने का लक्ष्य रखा गया है। आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उत्तर प्रदेश के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने बताया कि इच्छुक संस्थाएं विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया संबंधी जानकारी विभागीय वेबसाइट https://msme.up.gov.in/ से प्राप्त कर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी अभिरुचि प्रस्तुत कर सकती हैं।

# अधीक्षण अभियंता द्वारा जारी आदेश सिंचाई विभाग के जेई-जिलेदार हटाए

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ में हैदर कैनाल बंधे पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सरदार पटेल आवासीय योजना के फ्लैटों पर नोटिस चस्पा करने का मामला गरमा गया है। सिंचाई विभाग ने एक अवर अभियंता और जिलेदार को हटा दिया है। हालांकि, स्थानीय लोगों से विवाद और नोटिस चस्पा करने को लेकर चर्चाओं में रहे दूसरे जेई पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश वर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार अवर अभियंता मंगल प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से कार्यस्थल से हटाकर षष्टम मंडल सिंचाई कार्य, लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है। जिलेदार बृजेश कुमार भी हटाए गए हैं। विभागीय पत्र में कहा गया है कि 18 जून को हैदर कैनाल बंधे पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रस्तावित थी। कार्रवाई के बाद अन्य अवैध अतिक्रमणों पर नोटिस चस्पा किए गए। आरोप है कि कुछ ऐसे भवनों पर भी नोटिस लगा दिए गए जो अतिक्रमण की श्रेणी में नहीं आते थे। इससे सिंचाई विभाग की छवि धूमिल हुई। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि कार्रवाई के दौरान उनसे उलझने वाले अवर अभियंता विवेक गुप्ता के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया गया। लोगों का आरोप है कि मुख्तार अंसारी से जुड़ी बताई जाने वाली जमीन पर बने 72 गरीब परिवारों के आवासों पर नोटिस चस्पा करने में विवेक गुप्ता की प्रमुख भूमिका थी, लेकिन विभागीय कार्रवाई केवल मंगल प्रसाद वर्मा तक सीमित रखी गई।

■ **सरदार पटेल आवासीय योजना के फ्लैट पर नोटिस चिपकाया, बुलडोजर लेकर पहुंचे थे**

## जांच : शरीर पर चोट के निशान मिले, परिवार ने पुलिस पर लगाया आरोप

# चिता से शव हटाकर रुकवाया अंतिम संस्कार

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के गाजीपुर इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए भैंसाकुंड श्मशान घाट पहुंचे थे। इसी दौरान युवक के शरीर पर चोट के निशान देखकर किसी ने पुलिस को सूचना दे दी।

सूचना मिलते ही गाजीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को चिता से उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने श्मशान घाट पहुंचकर चिता से शव को हटवा दिया और अंतिम संस्कार रुकवा दिया।

वहां पर लकड़ी खरीदकर चिता तैयार कर दी गई। जब शव चिता पर रखा गया तो वहां मौजूद लोगों ने शरीर पर चोट के निशान देखकर अंतिम संस्कार करवाने से मना कर दिया। उन्होंने पुलिस केस की बात कहकर थाने भेज दिया। इसके बाद गाजीपुर थाने जाकर जानकारी दी तो पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के लिए शव चिता से उठाकर कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई जय नारायण ने बताया कि वह हरियाणा में काम करते हैं। भाई की मौत की सूचना मिलने पर वह लखनऊ पहुंचे। उन्होंने बताया कि शरीर पर चोट के निशान देखकर उन्होंने पुलिस को सूचना देने की बात कही थी, लेकिन इससे पहले ही परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव को लेकर निकल गए थे। मामले में इंस्पेक्टर गाजीपुर का कहना है पुलिस को बिना बताए परिवार अंतिम संस्कार करने गया था। संदिग्ध मौत होने की वजह से शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


संतोष कुमार, मृतक

### शरीर पर चोट के निशान देख अंतिम संस्कार करने से किया मना

बस्तवारा दरभंगा निवासी संतोष कुमार (26) लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के मीना मार्केट इलाके में रहकर मजदूरी करता था। यहां परिवार के साथ रहता था। भाई जय नारायण ने बताया गुरुवार रात संदिग्ध अवस्था में घर से कुछ दूर पार्क में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन उठाकर घर ले गए तो चेक करने पर मौत हो जाने की जानकारी हुई। इस पर परिवार रात भर घर में शव रखा रहा अगले दिन शुक्रवार को अंतिम संस्कार के लिए भैंसाकुंड ले गए।

# एलडीए कॉलोनी में फंदे से लटका मिला महिला का शव

## पति बोला- पूर्व प्रेमी ने की हत्या, बच्चों ने मां लटका देखा

तमसा संकेत, एजेंसी


सरिता, मृतका

लखनऊ। लखनऊ के कृष्णानगर क्षेत्र स्थित एलडीए कॉलोनी में महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शुक्रवार को महिला का शव घर के कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम से साक्ष्य जुटवाने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पति ने महिला के पूर्व प्रेमी पर हत्या की आशंका जताई है। सेक्टर-डी एलडीए कॉलोनी निवासी दीपक कश्यप फेरी लगाकर सब्जी बेचने का काम करते हैं। उनकी पत्नी सरिता (22) शुक्रवार को घर के कमरे में फंदे से लटकी मिलीं। घटना के समय दीपक सब्जी बेचने के लिए बाहर गए थे। घर में छह वर्षीय बेटी नंदिनी और चार वर्षीय बेटा हर्षित मौजूद थे। बच्चों ने ही अपनी मां को फंदे से लटका देख रोते-बिलखते पिता को फोन कर जानकारी दी। सूचना मिलने पर कृष्णानगर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद शव को नीचे उतारकर लोकबंधु अस्पताल भेजा गया, जहां पंचनामा भरने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। मूलरूप से सीतापुर जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के लिलसी गौरा गांव निवासी दीपक कश्यप ने अपने पूर्व परिचित उमेश चौरसिया पर पत्नी की हत्या की आशंका जताई है। उमेश मूल रूप से हरियांव थाना क्षेत्र के घड़ेखापुर गांव का रहने वाला है और वर्तमान में ठाकुरगंज में रहता है।

# आलू के दाम गिरने से टूटा व्यापारी, जान दी

दु:खद

## हाथरस में 22 लाख का हुआ घाटा, किसानों से खरीदा था आलू, 10 बीघे में खुद भी बोए था

तमसा संकेत, एजेंसी

हाथरस। यूपी के हाथरस में 30 साल के आलू व्यापारी ने शनिवार सुबह फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक, आलू की कीमतें गिरने की वजह से उसे 22 लाख रुपए का नुकसान हुआ था, जिसके चलते वह काफी समय से परेशान चल रहे थे।

व्यापारी का शव घर से 500 मीटर दूर एक सरकारी नलकूप के पास पेड़ से लटका मिला। मामला सहपऊ थाना क्षेत्र का है। परिजनों के मुताबिक, व्यापारी ने इस सीजन में किसानों से 600 रुपए प्रति कट्टे के हिसाब से चार हजार कट्टे आलू खरीदे थे। खुद भी 10 बीघे खेत में उसने आलू बोए थे।

नगला रमजू गांव निवासी मूलचंद (60) किसान हैं। उनके दो बेटे विष्णु (30) और ब्रह्मदीन (28) हैं। विष्णु खेती-किसानी में पिता का हाथ बंटाता था। उसकी शादी 8 साल पहले सपना (28) से हुई थी, जो मूल रूप से मथुरा के राया क्षेत्र के कसेरा गांव की रहने वाली है। दंपती के दो बच्चे हैं। शुक्रवार को विष्णु रोज की तरह घर से करीब 500 मीटर दूर खेत की ओर गया था। देर रात तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने सोचा कि वह खेत में लगे नलकूप पर ही सो गया होगा। शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे गांव के एक युवक ने नलकूप के पास पेड़ से उसका शव लटका देखा। इसके बाद उसने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पिता मूलचंद ने शव की पहचान की। मूलचंद ने बताया कि परिवार के पास कुल 16 बीघे खेती है। इस बार विष्णु ने 10 बीघे खेत में आलू की फसल लगाई थी। साथ ही उसने बड़े स्तर पर आलू का कारोबार करने की योजना बनाई थी। इसके तहत उसने क्षेत्र के किसानों से 600 रुपए प्रति कट्टे के हिसाब से चार हजार कट्टे आलू खरीदे थे, जिन्हें बाजार में बेचना था।

हालांकि, इस बार आलू के दाम गिर गए, जिससे उसे भारी नुकसान हुआ। मूलचंद के अनुसार, विष्णु को करीब 22 लाख रुपए का घाटा हुआ। आलू की खेती से भी उसे कोई लाभ नहीं मिला। किसानों से खरीदा गया आलू उधार पर लिया गया था और लेनदार लगातार पैसे की मांग कर रहे थे।



विष्णु, मृतक

### पुलिस ने शुरू की जांच

सीओ सादाबाद जेएन अस्थाना ने बताया कि सुबह एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

**परिजन की मानें तो मृतक व्यापारी विष्णु ने 600 रुपए प्रति कट्टे के हिसाब से 4 हजार कट्टे आलू खरीदे थे। इसमें उसके करीब 24 लाख रुपए लगा दिए। इसके अलावा कोल्ड स्टोरेज में रखने और लाने-जाने में करीब 200 रुपए प्रति कट्टे खर्च हुए। अन्य खर्च भी इसमें जोड़ने पर उसके करीब 34 लाख रुपए इसमें फंसे हुए थे। इसके अलावा 10 बीघे जमीन में आलू बोने में उसके 5-6 लाख रुपए खर्च हुए थे। चूंकि, आलू के दाम अचानक से गिर गए। इससे उसे करीब 22 लाख रुपए का घाटा हो गया।**



सुबह साढ़े पांच बजे आलू व्यापारी का शव उसके घर से 500 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला।

# बजरंग दल का पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम

तमसा संकेत, एजेंसी

संतकबीर नगर। संतकबीरनगर जिले के बखिरा थाना क्षेत्र के बभनी चौराहे पर हुए हत्याकांड के बाद राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों के नेता पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंच रहे हैं।

शनिवार को गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी और भाजपा जिलाध्यक्ष नीतू सिंह कोलकी चमरसन गांव पहुंचे। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने बताया कि पुलिस अपना काम कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी और यह मामला भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश अधिकारियों के संज्ञान में है। इसी बीच, सैकड़ों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने प्रशासन को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। बजरंग दल ने चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इससे चार गुना अधिक संख्या में कार्यकर्ता लेकर आएंगे और स्वयं कार्रवाई करेंगे। विधायक अनिल त्रिपाठी ने इस घटना को एक सोची-समझी साजिश बताया।



**विधायक बोले - प्री प्लान मर्डर, भाजपा नेताओं ने की परिजनों से मुलाकात**

फास्ट न्यूज

### गाजियाबाद में नीट की तैयारी कर रहे छात्र का सुसाइड

गाजियाबाद। गाजियाबाद के विजयनगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-9 में 22 साल के छात्र जतिन कुमार ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक जतिन कुमार पिछले कई वर्षों से नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई थी।

### गंगा आरती में शामिल हुए अभिनेता मकरंद देशपांडे

वाराणसी। हिंदी, मराठी, कन्नड़, तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में अपनी दमदार अभिनय शैली के लिए प्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और निर्देशक मकरंद देशपांडे इन दिनों अपने आगामी प्रोजेक्ट की शूटिंग के सिलसिले में वाराणसी पहुंचे हुए हैं। आध्यात्मिक नगरी काशी में उन्होंने अस्सी घाट स्थित जय मां गंगा सेवा समिति द्वारा आयोजित विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में आम श्रद्धालु की तरह शामिल होकर आरती का आनंद लिया। वाराणसी प्रवास के दौरान मकरंद देशपांडे ने कहा कि काशी केवल एक शहर नहीं बल्कि आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है।

### गड्ढे में गिरी प्राइवेट एसी बस

मेरठ। दिल्ली से वाया मेरठ उत्तराखंड के हरिद्वार जा रही प्राइवेट एसी बस अचानक गहरे गड्डे में गिर गई। ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ा और बस खाई में गिर गई। घटना शनिवार देर शाम की है। जब यह बस दिल्ली से मेरठ एनएच 58 के रास्ते से हरिद्वार जा रही थी। जैसे ही बस मोदीपुरम के पास पहुंची तो वहां आगे जाकर अचानक डिस्बैलेंस हो गई। उस समय बस में 45 यात्री सवार थे। बस को बचाने के चक्कर में आगे चल रहे वाहन चालकों ने प्रयास किया।

# रेलवे अधिनियम के कई दंड प्रावधानों और जुर्माना राशि में किया गया संशोधन

## ट्रेसपास, अवैध हॉकिंग, महिलाओं के आरक्षित कोच में अनधिकृत प्रवेश सहित अनेक उल्लंघनों पर बढ़ा जुर्माना

तमसा संकेत, संवादाता

कोटा। रेल यात्रियों की सुविधा, रेलवे परिसरों में अनुशासन बनाए रखने तथा रेल सेवाओं के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल अधिनियम, 1989 की विभिन्न धाराओं में संशोधित दंड एवं जुर्माना प्रावधान 19 जून 2026 से प्रभावी हो गए हैं। भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) अधिनियम, 2026 के अंतर्गत रेल अधिनियम से संबंधित संशोधित प्रावधान लागू कर दिए गए हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि संशोधित प्रावधानों का उद्देश्य यात्रियों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा रेलवे परिसरों में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना है। लंबे समय से अपरिवर्तित दंड राशियों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप संशोधित किया गया है। संशोधित प्रावधानों के तहत धारा 137 के अंतर्गत बिना टिकट यात्रा अथवा यात्रा का प्रयास करने वाले मामलों में देय न्यूनतम अतिरिक्त प्रभार 250 से बढ़ाकर 500 कर दिया गया है। इसी प्रकार धारा 138 के अंतर्गत अनियमित यात्रा से संबंधित मामलों में भी न्यूनतम अतिरिक्त प्रभार 250 के स्थान पर 500 निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त रेलवे परिसर में अनधिकृत प्रवेश, अवैध फेरी, महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत प्रवेश, रेलवे कर्मचारियों के निर्देशों की अवहेलना तथा अन्य विभिन्न उल्लंघनों से संबंधित दंड प्रावधानों एवं जुर्माना राशि में भी संशोधन किया गया है।



**रेलवे प्रशासन का मानना है कि संशोधित दंड प्रावधानों से बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा की घटनाओं में कमी आएगी, जिससे वैध टिकटधारी यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी तथा रेलवे परिसरों में अनुशासन और सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।**

## बरेली शहर से 10 साल पहले जेल को 20 किलोमीटर दूर शिफ्ट किया था

# ब्रिटिश कालीन जिला जेल में शुरू हुई बंदियों की शिफ्टिंग

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। बरेली में करीब एक दशक बाद बरेली की ऐतिहासिक जिला जेल में फिर से कैदियों की आमद शुरू हो गई है। शनिवार से सेंट्रल जेल-2 (बिथरी चैनपुर) से बंदियों को कचहरी स्थित नवनिर्मित जिला जेल में शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। पहले दिन 66 बंदियों को तीन वाहनों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला जेल लाया गया। इसके साथ ही पूजा-अर्चना के बाद जेल की पाकशाला भी शुरू कर दी गई, जहां बंदियों और जेल कर्मियों के लिए भोजन तैयार होगा। 173 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर तैयार हुई यह जेल अब पुराने स्वरूप से बिल्कुल अलग नजर आएगी। पहले जहां इसकी क्षमता लगभग 1200 बंदियों की थी, वहीं अब 2579 कैदियों को रखने की व्यवस्था की गई है।



### जेल रोड पर लौटेगी रौनक

करीब सात साल से सूनी पड़ी जेल रोड पर अब फिर चहल-पहल बढ़ने की उम्मीद है। बंदियों से मिलने आने वाले परिजनों, वकीलों और अन्य लोगों की आवाजाही बढ़ने से स्थानीय स्तर पर छोटे कारोबारों को भी सहारा मिलेगा। चाय, नाश्ते और अन्य जरूरतों से जुड़ी दुकानों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**नई व्यवस्था के तहत सात वर्ष से कम सजा वाले और विचाराधीन बंदियों को जिला जेल में रखा जाएगा। वहीं सात वर्ष से अधिक सजा पाने वाले तथा कुख्यात अपराधियों को बिथरी चैनपुर स्थित सेंट्रल जेल-2 में रखा जाएगा। इज्जतनगर स्थित पुरानी सेंट्रल जेल पहले से संचालित है।**

### 10 साल पहले खाली हुई थी जेल

25 दिसंबर 2016 को बिथरी चैनपुर में नई जिला जेल बनने के बाद कचहरी स्थित इस ब्रिटिशकालीन जेल को खाली करा दिया गया था। उस समय सभी बंदियों को नई जेल में स्थानांतरित किया गया था। बाद में सरकार ने इस ऐतिहासिक परिसर को किसी अन्य परियोजना के बजाय पुनः आधुनिक जेल के रूप में विकसित करने का फैसला लिया। करीब 173 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्निर्माण और आधुनिकीकरण के बाद अब यह जेल फिर से संचालन के लिए तैयार हो चुकी है।

### 85 एकड़ में फैली हाईटेक सुरक्षा

करीब 85 एकड़ क्षेत्रफल में फैली इस जेल में अधिकारियों और कर्मचारियों के आवास भी बनाए गए हैं। सुरक्षा के लिए चारों ओर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जेल प्रशासन का दावा है कि सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से सुदृढ़ किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की सेंधमारी या सुरक्षा चूक की संभावना न रहे।

## बागपत में ढाई घंटे चला बुलडोजर, छतों पर पहरा देते रहे पुलिसवाले

# गुलशेर की शिकायत पर 70 साल पुरानी मस्जिद ढहाई

बागपत। बागपत में सरकारी जमीन पर बनी 70 साल पुरानी मस्जिद को शनिवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। कोर्ट के आदेश पर यह एक्शन हुआ। दोपहर 12 बजे एक बुलडोजर लेकर बड़ौत एसडीएम भावना सिंह, बागपत एसडीएम ज्योति शर्मा, 2 इंस्पेक्टर और 2 थानों के 100 पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचीं। इसके बाद बुलडोजर चलाकर करीब ढाई घंटे में मस्जिद को ढहा दिया गया।

इस दौरान कुछ लोग डीएम के पास इस कार्रवाई को रुकवाने की मांग करने भी पहुंचे। लेकिन, हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए डीएम ने कार्रवाई रुकवाने से इनकार कर दिया। तकिया वाली मस्जिद राजपुर-खामपुर गांव में बनी थी। जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर राजपुर-खामपुर गांव है। गांव के बीचो-बीच 100 गज (900 स्क्वॉयर फीट) एरिया में करीब 70 साल पहले तकिया वाली मस्जिद बनी थी। इसमें 2 कमरे भी बने थे, जिसमें मदरसा चलता था। मदरसे में करीब 40 बच्चे पढ़ते थे। गांव के रहने वाले गुलशेर ने 5 साल पहले साल-2021 में मस्जिद के तालाब की सरकारी जमीन पर बने होने की शिकायत एसडीएम से की थी। कोई कार्रवाई न होने पर मामला तत्कालीन डीएम शकुंतला गौतम के पास पहुंचा।



**एडीएम विनीत कुमार उपाध्याय ने बताया-राजपुर खामपुर गांव में तालाब की जमीन पर पर बनी मस्जिद को ढहा दिया गया। यह कार्रवाई पूरी तरह से न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए की गई है। 5 दिन पहले इसे खाली करा दिया गया था।**



### 5 दिन पहले जारी हुआ था नोटिस

हाईकोर्ट के आदेश के करीब एक साल बाद 5 दिन पहले (16 जून को) मस्जिद को खाली करने और ध्वस्तीकरण का नोटिस एसडीएम ने चस्पा किया। साथ ही मस्जिद के मौलवी को सामान खाली करने का आदेश दिया। शनिवार दोपहर 12 बजे एसडीएम बागपत करीब 100 पुलिसकर्मियों को लेकर राजपुर-खामपुर गांव पहुंचीं। ढाई घंटे की कार्रवाई में मस्जिद को ढहा दिया गया। इस दौरान आसपास के घरों की छतों पर पुलिसकर्मी बुलेटप्रूफ जैकेट पहनकर तैनात रहे।

# मंत्री सोमेंद्र तोमर के सामने किसानों ने रखी अपनी मांगे

## काजीपुर में किसान बोले एक हफ्ते में समाधान करो, वरना होगा बड़ा आंदोलन

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। लोहिया नगर योजना से प्रभावित किसानों की समस्याओं को लेकर काजीपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसानों और ग्रामीणों ने प्रदेश के मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर के सामने अपनी मांगें रखीं। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक किसानों का रुका हुआ मुआवजा और विकसित प्लॉट नहीं मिल जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

युवा विकास संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि एक दिन पहले हुई किसान पंचायत के बाद मंत्री को गांव बुलाकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया।

ग्रामीणों ने आबादी वाली भूमि के समायोजन की प्रक्रिया को भी जल्द पूरा करने की मांग उठाई। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो लोहिया नगर योजना क्षेत्र में मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) के किसी भी विकास कार्य को नहीं होने दिया जाएगा।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मंत्री गांव और क्षेत्र के अपने प्रतिनिधि हैं, इसलिए किसानों को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि किसान, युवा और बुजुर्ग सभी लंबे समय से मुआवजे और प्लॉट के इंतजार में हैं। यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

किसानों ने साफ कहा कि मुआवजा नहीं तो वोट नहीं और मांगों की अनदेखी होने पर सरकार और जनप्रतिनिधियों का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा।



**किसानों ने कहा कि कोरोना काल में जिन किसानों के मुआवजे के चेक रोक दिए गए थे, उन्हें तत्काल जारी किया जाए और विकसित प्लॉट तैयार कर आवंटित किए जाएं।**

पृष्ठ 01 का शेष...

### ईरान ने फिर बंद...

अल जजीरा के मुताबिक, इजराइली सेना ने ड्रोन और तोपों से नबाहितए इलाके में हमला किया जिसमें कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई।

अमेरिका और ईरान के बीच शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में होने वाली पहली औपचारिक वार्ता टाल दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लेबनान में लगातार इजराइली हमलों को लेकर दोनों पक्षों में मतभेद बने हुए हैं। हालांकि, CNN ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ स्विट्जरलैंड के लिए रवाना हो गए हैं।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, दक्षिणी लेबनान और बेका घाटी में शुक्रवार देर रात से हुए इजराइली हवाई हमलों में 47 लोग मारे गए और 97 घायल हुए। 2 मार्च से अब तक मरने वालों की संख्या 3,980 पहुंच गई है।

अमेरिका-ईरान समझौते के बाद 18 जून को 25 कारोबारी जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। यह अप्रैल के बाद एक दिन में सबसे ज्यादा संख्या है। हालांकि, 500 से ज्यादा जहाज और 11 हजार नाविक अब भी खाड़ी में फंसे हुए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका मजबूरी में बातचीत की मेज पर नहीं आया, बल्कि ईरान खुद आया है। उन्होंने कहा कि अगले 60 दिनों तक ईरान को अमेरिका से एक पैसा भी नहीं मिलेगा।

### 'सपा के लिए सैफई ही ...

योगी ने कहा- यूपी के अंदर अब ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। इसी मिसाइल ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए थे। पाकिस्तान दुनिया के सामने त्राहिमाम-त्राहिमाम करने लगा था। हाथ फैलाकर जान की भीख मांग रहा था। यह है- नए भारत की ताकत।

योगी दोपहर 12 बजे ललितपुर पहुंचे। सबसे पहले तुवन मंदिर में दर्शन और पूजा-पाठ किया। राजकीय मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया। 1,766 करोड़ की 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया।

सीएम योगी ने कहा- विकास ही जीवन में परिवर्तन लाएगा। हर व्यक्ति को इससे जोड़ना पड़ेगा। तब जाकर किस्मत बदलेगी। अब ललितपुर के पास अपना मेडिकल कॉलेज है। यहां डेढ़ हजार एकड़ में प्रदेश का पहला फार्मा पार्क बनने जा रहा है। इससे हजारों लोगों को नौकरी मिलेगी। अब मुझे अच्छा लगता है कि बहन और बेटियां सिर पर घड़ा लेकर नहीं निकलती हैं। अब हर घर नल योजना के तहत शुद्ध जल पहुंचाया जा रहा है।

### परभणी में हनुमान ...

हादसे का CCTV फुटेज भी सामने आया है। वीडियो के मुताबिक दोपहर 3 बजे कई लोग लाइन में खड़े होकर प्रसाद दर्शन-पूजा कर रहे थे। तभी बांस और लोहे की रॉड से बना सेंट्रिंग स्ट्रक्चर टूट गया। शनिवार होने के कारण मंदिर में भीड़ ज्यादा थी। हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

यशवाड़ी गांव मनवत रोड पर स्थित है, जो छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 190 किलोमीटर दूर है। यहां त्रिमूर्ति मंदिर में हनुमान जी की काली प्रतिमा स्थापित है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया और कहा कि घायलों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि मरने वालों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### नीट री-एग्जाम...

इसी तरह भुवनेश्वर की एक छात्रा को 2300 किमी दूर देहरादून में सेंटर मिला, जिसे बाद में सुधार दिया गया।

दरअसल, 3 मई 2026 को NEET-UG परीक्षा देशभर में आयोजित की गई थी। परीक्षा के बाद कई राज्यों से प्रश्नपत्र लीक होने और कुछ अभ्यर्थियों को पहले से पेपर मिलने के आरोप सामने आए। जांच में गड़बड़ियों के संकेत मिलने पर NTA ने 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी। इसके बाद केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों की समीक्षा के आधार पर दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया गया।

### बंगाल को पाक का...

पीएम ने कहा कि अब राज्य में कानून का राज स्थापित करने और विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। पश्चिम बंगाल के हुगली में पीएम नरेंद्र मोदी ने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

विधानसभा चुनाव जीतने के बाद यह उनका पहला दौरा है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) की 23वीं किस्त जारी की और राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) की शुरुआत की।

चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में नया माहौल बना है और राज्य विकास की नई यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। बंगाल में लोगों के चेहरों पर खुशी और भरोसा दिख रहा है, जो लोकतंत्र और वोट की ताकत का प्रमाण है।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी:...

माना जा रहा है कि सोमवार को सीएम योगी को जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा पर कार्रवाई लगभग तय मानी जा रही है। दोनों को पद से हटाया जा सकता है।

इसके अलावा, मंदिर के निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी पद से हटाया जा सकता है। शुक्रवार को SIT ने मंदिर परिसर में करीब 6 घंटे तक जांच की। टीम ने चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव से अलग-अलग पूछताछ की। साथ ही SBI बैंक के मैनेजर और कैशियर से भी सवाल किए।

SIT गोपाल राव के भतीजे और राम मंदिर कर्मचारी सोमेश आनंद से भी पूछताछ करना चाहती थी, लेकिन वे नहीं मिले। सूत्रों के अनुसार, उनका फोन स्विच ऑफ बता रहा है। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू ने कहा- राम मंदिर चढ़ावे में चोरी हुई है। इसे दबाने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक इस मामले में चंपत राय के चेले टिन्नू यादव, लवकुश मिश्रा, गोपाल राय और अनिल मिश्र का नाम आया है, लेकिन किसी पर भी FIR नहीं हुई है। किसी आदमी का पर्स अगर चोरी हो जाए तो पुलिसवाले गरीब आदमी को लाकर पीटते हैं, लेकिन विश्व प्रसिद्ध राम मंदिर में करोड़ों रुपए का चढ़ावा चोरी हो गया और कोई कार्रवाई नहीं हुई, ये सोचने की बात है। समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद ने राम मंदिर चढ़ावा केस में SIT जांच को लेकर कहा- योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। वे अभी परेशान हैं, क्योंकि अखिलेश यादव पर लोगों का भरोसा बढ़ा है, जबकि योगी सरकार पर भरोसा कम हुआ है। वे अब घबराए हुए हैं। यह एक बहुत बड़ी लूट है। लाखों भक्तों और श्रीराम में आस्था रखने वाले लोगों के चढ़ावे को लूटा गया है। कोई भी इसे दबा नहीं पाएगा। वे दिसंबर में चुनाव कराना चाहते हैं। उन्हें पता है कि इस बार उन्हें बहुत बुरे नतीजे का सामना करना पड़ेगा।

### सपा प्रमुख और पूर्व ...

चंपत राय ने सफाई दी थी कि अभी तक ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई है। विवाद बढ़ा तो भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने 9 जून को प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर CBI जांच की मांग की। अगले दिन यानी 10 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) ने मंदिर ट्रस्ट से मामले की रिपोर्ट मांग ली थी।

### कॉकरोच जनता पार्टी...

अभिजीत दीपके ने दिल्ली पुलिस से अपील की थी कि वो जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति को आगे बढ़ाए. हालांकि मौके पर मौजूद बीबीसी संवाददाता दिलनवाज़ पाशा ने बताया कि पुलिस ने धरना स्थल ख़ाली करने को कहा है.

सीजेपी इज़ बैक ने एक्स पर लिखा, दीपके ने पुलिस से जंतर-मंतर पर अपनी अनुमति बढ़ाने की अपील की है और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की शर्त पर सरकार के साथ बातचीत के लिए रास्ता खोलने को कहा है.

## ग्रुप-सी के टॉप पर आया, हैती फुटबॉल वर्ल्डकप से बाहर होने वाली पहली टीम

# कुन्हा के डबल गोल से जीता ब्राजील

**मुकाबला**

फिलाडेल्फिया, एजेंसी

5 बार की वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील ने हैती को 3-0 से हराकर फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत से ब्राजील ग्रुप-सी के टॉप पर आ गई। जबकि, हैती टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के फॉरवर्ड माथियस कुन्हा को इस मैच की स्टार्टिंग-11 में मौका मिला। उन्होंने 23वें और 36वें मिनट में गोल दागे। एक गोल विनीसियस जूनियर के बूट से आया। अब 24 जून को ब्राजील का मैच स्कॉटलैंड से होगा, जबकि हैती अपने अंतिम ग्रुप मैच में मोरक्को से भिड़ेगा।





### डिफेंस ने संभाली जिम्मेदारी, दूसरा हाफ गोल रहित रहा

मैच के दूसरे हाफ में हैती ने वापसी की कोशिश की, लेकिन ब्राजील के मजबूत डिफेंस और गोलकीपर के सामने कोई खास मौका नहीं बना सका। 1974 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप में खेल रही हैती की टीम दो मैचों में हार के बाद नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गई।

पहलाः 23वें मिनट में विनीसियस जूनियर के शॉट पर बॉल गोल पोस्ट से लगकर वापस आ गई। यहां कुन्हा ने रिबाउंड पर गोल दागा। उन्होंने वर्ल्ड कप में पहला गोल किया।

दूसराः 36वें मिनट में विनीसियस ने मिडफील्ड में एक और बेहतरीन पास देकर कुन्हा के लिए मौका बनाया। कुन्हा ने बाएं फुट से जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 2-0 कर दिया।

तीसराः हाफ टाइम से ठीक पहले मिडफील्डर लुकस पेक्ता के फ्लिक पास पर विनीसियस ने डबल टच के बाद हैती के गोलकीपर एलेक्जेंडर प्लेसिड के पैरों के बीच से गोल में भेज दिया। मोरक्को ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के ग्रुप-सी मैच में स्कॉटलैंड को 1-0 से हराया। टीम 4 अंक के साथ ग्रुप सी के टॉप पर है। उसने पहले मैच में ब्राजील को ड्रॉ पर रोका था।

### ब्राजील ने 24 साल पुराना वर्ल्ड कप रिकॉर्ड दोहराया

ब्राजील ने 24 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मैच में तीन गोल दागे हैं। इससे पहले टीम ने 2002 में चीन के खिलाफ 4 और कोस्टा रिका के खिलाफ 5 गोल दागे थे।

ब्राजील वर्ल्ड कप इतिहास में 41वीं बार किसी मैच में तीन या उससे अधिक गोल दागे हैं। यह टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी देश द्वारा सबसे ज्यादा बार हासिल की गई उपलब्धि है।

ब्राजील वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम बन गई है। उसने 116 मैचों में 241 गोल दागे। ब्राजील ने जर्मनी के वर्ल्ड रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। जर्मनी के 239 गोल दागे हैं।

**इस मैच के बाद पॉइंट्स टेबल में ब्राजील पहले और मोरक्को दूसरे स्थान पर है। दोनों के एक समान 4-4 अंक हैं, हालांकि ब्राजील गोल डिफरेंस की वजह से टेबल के टॉप पर है। ब्राजील का गोल डिफरेंस 3 है, जबकि मोरक्को का 1 है।**

**गोल डिफरेंस टूर्नामेंट में किसी टीम के टोटल गोल और गंवाए गए गोल के बीच का अंतर होता है। उदाहरण के रुप में किसी टीम ने टूर्नामेंट में 5 गोल दागे हैं और 3 गोल खाए हैं, तो उसका गोल डिफरेंस 2 होगा।**

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ कप्तान लौरा का विकेट सबसे अहम



नई दिल्ली। विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में 21 जून को साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले मैच में कप्तान लौरा वोल्वार्ट का विकेट भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। शुक्रवार को जियोस्टार मीडिया डे के दौरान ICC टी-20 वर्ल्ड कप की एक्सपर्ट मिताली राज ने कहा, लौरा का विकेट जल्दी मिलने से साउथ अफ्रीकी टीम पर दबाव बनाया जा सकता है।

पूर्व भारतीय कप्तान मिताली ने दोनों टीमों के बल्लेबाजी पैटर्न की तुलना करते हुए कहा, लौरा साउथ अफ्रीका के लिए वही रोल निभाती हैं, जो स्मृति मंधाना भारत के लिए करती हैं। लौरा हर मैच में एक छोर संभालकर खेलती हैं और बाकी के बल्लेबाज उनके इर्द-गिर्द बल्लेबाजी करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, अफ्रीका के लिए पहले 6 ओवरों के पावरप्ले में दिशा तय करने की पूरी जिम्मेदारी लौरा की ओपनिंग पार्टनरशिप और उनके स्टैंड पर टिकी होती है। ऐसे में उनका विकेट भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा।

**मिताली बोलीं- भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज पहुंच सकते हैं सेमीफाइनल में**

मिताली ने आगे कहा, किसी भी फॉर्मेट में फॉर्म में चल रहे या सेट बल्लेबाज को जल्दी आउट करना विपक्षी टीम की पहली रणनीति होती है। जैसे हर टीम भारत के खिलाफ स्मृति मंधाना को जल्दी आउट करने का प्लान बनाती है, वैसे ही भारत को लौरा के लिए योजना बनानी होगी। अगर आप इन-फॉर्म बल्लेबाज को पावरप्ले में ही पवेलियन भेज देते हैं, तो आने वाले नए बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ जाता है।

# फीफा वर्ल्ड कप में जर्मनी और आइवरी-कोस्ट का मुकाबला

### जीतने वाली टीम ग्रुप में टॉप पर पहुंचेगी, आज रात स्वीडन और नीदरलैंड की भिड़ंत

नई दिल्ली। FIFA वर्ल्ड कप 2026 में आज रात स्वीडन और नीदरलैंड का मुकाबला होगा। यह मैच आज रात 10:30 बजे से ह्यूस्टन स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद रात 1:30 बजे से जर्मनी और आइवरी कोस्ट की भिड़ंत टोरंटो स्टेडियम में होगी। दोनों टीमों ने अपने पहले मुकाबले जीते थे। यह मैच जीतने वाली टीम ग्रुप-E के टॉप पर पहुंच जाएगी।

सुबह 5:30 बजे से इक्वाडोर और कुरासाओ की भिड़ंत कैनसस सिटी स्टेडियम में होगी। वहीं दिन का आखिरी मुकाबला ट्यूनिशिया और जापान के बीच सुबह 9:30 बजे से मोंटेरे स्टेडियम में खेला जाएगा। ग्रुप-F में शामिल नीदरलैंड और स्वीडन वर्ल्ड कप में पहली बार आमने-सामने होंगे। फुटबॉल इंटर-नेशनल में दोनों के बीच अब तक 2 मैच हुए हैं। इनमें नीदरलैंड ने 1 मैच जीता, जबकि 1 मुकाबला ड्रॉ रहा। इससे पहले आखिरी बार दोनों टीमें 2018 वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स में टकराई थीं। इस मैच में नीदरलैंड ने स्वीडन को 2-0 से हराया था।




नीदरलैंड को स्टार डिफेंडर वर्जिल वैन डिक और मिडफील्डर फ्रेंकी डी योंग केका के अनुभव का फायदा मिलेगा। वहीं स्वीडिश टीम इन-फॉर्म स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस और अलेक्जेंडर इसाक के अटैकिंग खेल के भरोसे मैदान पर उतरेगी।

ग्रुप-E में शामिल जर्मनी और आइवरी कोस्ट के बीच 1 इंटरनेशनल मुकाबला खेला गया है। यह मैच ड्रॉ रहा था। वर्ल्ड कप में दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी। दोनों टीमें अपना पहला मुकाबला जीतकर 3-3 पॉइंट्स पर हैं। जर्मनी ने अपने पहले मैच में कुरासाओ को 7-1 से शिकस्त दी थी, जबकि आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से मात दी थी। यह मैच जीतने वाली टीम ग्रुप में टॉप पर पहुंचेगी।

### पंत की दिल्ली में वापसी लगभग तय

नई दिल्ली। IPL 2027 से पहले दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच ट्रेड हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स में वापसी लगभग तय है। इसके लिए वे अपनी 27 करोड़ रुपए की सैलरी में करीब 12 करोड़ रुपए की कटौती करने को भी तैयार हो गए हैं। वहीं, स्पिनर कुलदीप यादव लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा बन सकते हैं। इसके अलावा पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह भी पहली बार IPL में कोचिंग भूमिका निभाते नजर आ सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स का ट्रेड BCCI के पास भेजा जा चुका हैं। अगर मंजूरी मिलती है तो पंत दिल्ली लौटेंगे और कुलदीप लखनऊ का हिस्सा बन जाएंगे। लखनऊ ने 2025 मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। यह IPL इतिहास की सबसे बड़ी बोली थी। यही रकम उनके ट्रेड की सबसे बड़ी अड़चन बनी हुई थी, क्योंकि किसी भी फ्रेंचाइजी के लिए इतनी बड़ी फीस वाले खिलाड़ी को शामिल करना आसान नहीं था।

## हेनरी निकोल्स का कमबैक शतक, रचिन के साथ 161 रन की पार्टनरशिप

# ओवल टेस्ट-न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड पर 352 रन की बढ़त बनाई

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पर 352 रन की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। लंदन के द ओवल मैदान पर शुक्रवार को इंग्लैंड पहली पारी में 291 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह न्यूजीलैंड को पहली पारी में 100 रन की बढ़त मिली।

दिन का खेल समाप्त होने तक कीवियों ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 252 रन बना लिए हैं। केन विलियमसन की जगह टीम में वापसी कर रहे हेनरी निकोल्स 119 रन पर नाबाद हैं। डेरिल मिचेल (32 रन) उनका साथ दे रहे हैं। रचिन रवींद्र ने 76 रन बनाए। निकोल्स और रवींद्र ने तीसरे विकेट के लिए 161 रन की साझेदारी की।

हेनरी निकोल्स और रचिन रवींद्र ने तीसरे विकेट के लिए 201 गेंदों में 161 रन की पार्टनरशिप की।



हेनरी निकोल्स और रचिन रवींद्र ने तीसरे विकेट के लिए 201 गेंदों में 161 रन की पार्टनरशिप की।

इससे पहले इंग्लैंड ने तीसरे दिन 9 विकेट पर 238 रन से आगे खेलना शुरू किया। निचले क्रम के बल्लेबाज मैथ्यू फिशर ने अपने फर्स्ट क्लास करियर की तीसरी अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने सोनी बेकर के साथ अंतिम विकेट के लिए 53 रन जोड़े, जिससे इंग्लैंड 291 रन तक पहुंच सका।

**केन विलियमसन की जगह नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने उतरे हेनरी निकोल्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपने टेस्ट करियर का 11वां शतक पूरा किया। उन्होंने 136 गेंदों में शतक पूरा किया और अपनी पारी में 14 चौके लगाए। निकोल्स की यह पारी न्यूजीलैंड की बढ़त को मजबूत करने में निर्णायक साबित हुई।**

### जेम्स रीव ने दो कैच पकड़े

इंग्लैंड के विकेटकीपर जेम्स रीव की खराब फील्डिंग मैच का बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुई। दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के दोनों ओपनर टॉम लाथम और डेवोन कॉनवे जल्दी आउट हो गए थे। इसके बाद रचिन रवींद्र 7 रन पर थे, जब जोश टंग की गेंद पर रीव ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। उस समय न्यूजीलैंड का स्कोर 48 रन था और इंग्लैंड तीसरा विकेट हासिल कर सकता था।

टी-ब्रेक के बाद हेनरी निकोल्स को भी 42 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला, जब जोफ्रा आर्चर की गेंद पर रीव उनसे भी कैच नहीं पकड़ सके। इन दोनों मौकों का फायदा उठाकर रवींद्र और निकोल्स ने इंग्लैंड को मैच में पीछे धकेल दिया।

## मनोरंजन

### कहा- महिलाएं जब कहती हैं वो इसमें कंफर्टेबल हैं, तो ये पिछड़े समाज की निशानी

# इम्तियाज अली बुर्का पर्दा प्रथा के खिलाफ

नई दिल्ली, एजेंसी

इन दिनों फिल्म मैं वापस आऊंगा से चर्चा में बने हुए डायरेक्टर इम्तियाज अली ने बुर्का और पर्दा प्रथा पर एक स्ट्रॉन्ग स्टेटमेंट दिया है, जिसके बाद से ही सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। उनका कहना है कि महिलाओं का ये कहना कि वो बुर्के में सहज हैं, ये एक पिछड़े समाज की निशानी है।



हाल ही में अनफिल्टर विद समदीश को पॉडकास्ट में इम्तियाज अली ने कल्चर और समाज पर बात करते हुए कहा है, 'मुझे ये बड़ा नापसंद है, जब लोग कहें कि मैं बुर्के में कंफर्टेबल हूं, मैं पर्दे में कंफर्टेबल हूं। अगर आपको ऐसा लगता है तो ये एक पिछड़े हुए समाज की निशानी है। ये ठीक नहीं है जब आप कहते हैं कि मैं कंफर्टेबल हूं।' आगे उन्होंने कहा, 'इसका मतलब ये है कि आपके दिमाग में इतना विक्टिमाइजेशन हो गया है। मुझे नहीं पता ये कैसे कहना चाहिए। मैं इस बारे में आसपास के लोगों को टोक नहीं रहा या किसी के घर जाकर ये बोलता नहीं हूं। ये वो है जिस पर मैं यकीन करता हूं। अगर कोई कर रहा है तो ठीक है।'

### इम्तियाज अली के बयान पर छिड़ी बहस

बुर्के पर दिया गया इम्तियाज अली का ये बयान सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना की जा रही है। कुछ सोशल मीडिया यूजर ने सवाल उठाया है कि इम्तियाज अली खुद एक ऐसे समाज से आते हैं, जहां बुर्का प्रथा है। वहीं कुछ उन्हें पाखंडी कह रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा है, 'इम्तियाज अली ने बुर्का/पर्दा की प्रथा को कमजोर, पिछड़ी सोच और समस्याग्रस्त बताया। लेकिन यह समदीश उसका बचाव करते हुए कह रहा है कि अगर किसी समुदाय ने इसे सामान्य मान लिया है, तो हम उस पर सवाल कैसे उठा सकते हैं? इम्तियाज खुद उसी समुदाय से आते हैं। वाह रे। कैसे पाखंडी हैं।'

### नेटफ्लिक्स पर आएगा समय रैना का विवादित शो

नई दिल्ली। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स अपने कंटेंट को लेकर एक बार फिर विवादों में घिर सकता है। नेटफ्लिक्स ने स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना के साथ एक नए कोलैबरेशन की घोषणा की है, जिसके तहत उनके बेहद विवादित माने जाने वाले शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के दूसरे सीजन को प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है।

अनफिल्टर्ड और कई बार संवेद-नशील मुद्दों का मजाक उड़ाने के लिए आलोचना झेलने वाले समय रैना का यह शो 20 जून से स्ट्रीम होगा। नेटफ्लिक्स द्वारा इस तरह के विवादित शो को प्रमोट करने के फैसले पर आने वाले दिनों में सवाल उठ सकते हैं। इससे पहले इस प्लेटफॉर्म पर 'लॉकअप 2' जैसे विवादित शो भी 27 जून से प्रीमियर होने वाला है।

### घर में होगी प्राइवेट सेरेमनी, करीबी दोस्त-रिश्तेदार शामिल होंगे, काम से ब्रेक लिया

# गौरी स्प्रैट से रजिस्टर्ड मैरिज करेंगे आमिर खान

नई दिल्ली। मिस्टर परफेक्श-निस्ट आमिर खान, 61 साल की उम्र में गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से तीसरी शादी करने वाले हैं। ये शादी 5 जुलाई को होगी, जिसमें आमिर और गौरी के चंद रिश्तेदारों के अलावा महज करीबी दोस्त ही शामिल होने वाले हैं। शादी के लिए आमिर खान फिल्मों से ब्रेक लेने वाले हैं। शादी पर बात करते हुए आमिर खान ने डेकन क्रॉनिकल से कहा, यह घर पर होने वाली एक बेहद सिंपल रजिस्टर्ड मैरिज होगी, जिसमें सिर्फ दोनों परिवारों के सदस्य और कुछ बेहद करीबी दोस्त शामिल होंगे। हम दोनों इस समारोह को बहुत सादा और निजी रखना चाहते हैं। शादी की कन्फर्मेशन देने के कुछ समय पहले ही आमिर ने एक इंटरव्यू में कहा था कि गौरी स्प्रैट से शादी करना उनकी प्रायोरिटी नहीं है। वो बिना शादी के ही उनके साथ खुश हैं।



मई 2026 में NBT को दिए इंटरव्यू में आमिर ने गौरी के साथ अपने रिश्ते को लेकर कहा था, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे गौरी मिलीं और हमारा रिश्ता शुरू हुआ। वह बेहतरीन हैं और उनके साथ मुझे बहुत शांति मिलती है।

### 5 जुलाई को होगी शादी

आमिर खान ने पिछले साल 60वें जन्मदिन के मौके पर मीडिया के सामने गौरी स्प्रैट को इंट्रोड्यूस किया था। इसके बाद से ही दोनों कई मौकों पर साथ स्पॉट होते रहते हैं। बीते महीने उनकी शादी की खबरें चर्चा में रहीं। आमिर ने वैराइटी इंडिया को दिए इंटरव्यू में शादी की खबरों पर मुहर लगाई थी।

उन्होंने कहा था, 'मैं इस समय अमेरिका में हूं। शादी की खबर सही है। हमारी शादी 5 जुलाई को होगी।'

उन्होंने आगे कहा था, 'गौरी और मैं एक-दूसरे को लेकर सीरियस हैं। हम एक मजबूत रिश्ते में हैं। मेरे दिल में तो मैं खुद को पहले से ही उनका पति मानता हूं। अब इस रिश्ते को शादी का नाम देना हमारे साथ की एक स्वाभाविक अगली शुरुआत है।'

### रिलीज रोकने की मांग पर भड़के डायरेक्टर, समानता पर बोले- ब्रेसलेट सिर्फ वो नहीं पहनते, ये सिर्फ संयोग



# सलमान भगवान नहीं, वो मुझे नहीं रोक सकता

नई दिल्ली। फिल्म काला हिरण अनाउंसमेंट के बाद से ही लगातार विवादों में है। फिल्म का किरदार सलमान खान से और कहानी उनके काला हिरण शिकार मामले से मिलती हुई दिखाई गई है, यहां तक कि पोस्टर में एक्टर को सलमान खान का ब्रेसलेट भी पहने दिखाया गया है। पोस्टर जारी होते ही सलमान ने फिल्ममेकर्स के खिलाफ याचिका दायर कर रिलीज रोकने की मांग की है। इसी बीच प्रोड्यूसर अमित जानी ने दावा किया है कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। अब फिल्म के डायरेक्टर ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि फिल्म सलमान पर नहीं हैं। वो भगवान नहीं हैं और न ही गॉडफादर हैं, जो उन्हें रोक सकते हैं।

ब्रेसलेट की समानता पर फिल्म के डायरेक्टर भरत एस श्रीनेत ने न्यूज 18 को दिए इंटरव्यू में कहा 'यह ब्रेसलेट कोई पेटेंट की गई चीज नहीं है। अगर सलमान को लगता है कि सिर्फ वही इसे पहन सकते हैं, तो उन्हें इसका पेटेंट करवा लेना चाहिए। फिर यह ब्रेसलेट दुनिया में कहीं और उपलब्ध नहीं होना चाहिए। मैं इस बात से बिल्कुल सहमत नहीं हूं कि यह फिल्म या इसका किरदार सलमान खान पर आधारित है। हमारा किरदार सलमान खान नहीं है। यह सिर्फ एक फिल्म है।'





### कोर्ट ने अंतरिम रोक लगाने से इनकार किया, अगली सुनवाई 1 जुलाई को होगी

दिल्ली हाईकोर्ट की वेकेशन बेंच ने सलमान खान की याचिका पर तुरंत अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस मधु जैन की बेंच ने सलमान की लीगल टीम को निर्देश दिया है कि वे फिल्ममेकर्स को केस से जुड़े सभी दस्तावेज सौंपें, ताकि वे अपना जवाब तैयार कर सकें। अब इस मामले की अगली सुनवाई 1 जुलाई को होगी। सलमान खान ने अपनी याचिका में फिल्म 'काला हिरनः द बैटल फॉर लेगेसी' की रिलीज रोकने की मांग की है। उनका आरोप है कि यह फिल्म उनकी अनुमति के बिना उनके 1998 के काले हिरण शिकार मामले और गैंगस्टर लॉरेंस से जुड़े विवादों पर बनाई जा रही है।

# ऋषिकेश में गंगा किनारे घाट पर सोए दिखे सुनील ग्रोवर

### त्रिवेणी घाट में साधुओं और श्रद्धालुओं के साथ रात गुजारी

ऋषिकेश, एजेंसी

अपनी एक्टिंग, कॉमेडी और मिमिक्री से लोगों को हंसाने वाले सुनील ग्रोवर उत्तराखंड स्थित संत नगरी ऋषिकेश में गंगा किनारे घाट पर सोए दिखे। सुनील ग्रोवर ने वीडियो को शेयर कर लिखा है- तारे जमीन पर। सुनील ग्रोवर की नेटवर्थ करोड़ों में है। सुनील ग्रोवर ने ऋषिकेश में घाट पर सोने वालों घुमक्कड़ साधुओं और विरक्त श्रद्धालुओं के साथ रात गुजारी। जिस जगह सुनील ग्रोवर चादर बिछाकर सोते दिखे वो त्रिवेणी घाट का इलाका है। ऋषिकेश को मोक्ष स्थान माना जाता है। हाल के दिनों में अमिताभ बच्चन और जावेद अख्तर की मिमिक्री करके सुनील ग्रोवर ने काफी वाहवाही बटोरी थी। एक कार्यक्रम में जब उन्होंने जावेद अख्तर के सामने ही उनकी मिमिक्री की तो मशहूर शायर भी अपनी हंसी नहीं रोक सके। सुनील ग्रोवर अब तक भारत, जवान, गब्बर इज बैक, बागी, गजनी और द लेजेंड ऑफ भगत सिंह जैसी हिट फिल्मों में अपनी भूमिका निभा चुके हैं।



गुत्थी से अपनी पहचान बनाने वाले सुनील ग्रोवर अपनी जड़ों से जुड़े हैं। सुनील की पॉपुलैरिटी पिछले 9 साल में बेतहाशा बढ़ी है। यही वजह है कि उनकी नेटवर्थ भी इन्हीं 9 सालों में सबसे ज्यादा बढ़ी है। फिल्म में काम करने के सुनील को 50 से 60 लाख रुपए मिलते हैं जबकि टीवी पर एक एपिसोड की शूटिंग के लिए वह 10 से 15 लाख रुपए चार्ज करते हैं।

# पाकिस्तान में दो बम धमाके, 7 लोगों की मौत

## 3 घायल, क्षेत्र में और बम होने की आशंका, सर्च ऑपरेशन जारी

आतंक

**बन्नू, एजेंसी**

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी बन्नू जिले में शनिवार को सड़क किनारे हुए दो बम धमाकों में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

पुलिस के मुताबिक, पहला धमाका वजीर उपखंड के फांग मूसा खेल इलाके में हुआ। इसमें एक यात्री गाड़ी को निशाना बनाया गया। गाड़ी डोमेल की ओर जा रही थी, तभी रिमोट कंट्रोल से धमाका किया गया। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए।

पहले धमाके के घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी कुछ देर बाद दूसरा धमाका हुआ। यह विस्फोट पहले हमले की जगह से करीब एक किलोमीटर दूर हुआ। इसमें 2 और लोगों की मौत हो गई और एक गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई।



दोनों गाड़ियों को रिमोट कंट्रोल से किए गए धमाकों में निशाना बनाया गया। (वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, लेकिन इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है।)

पुलिस ने बयान जारी कर इन हमलों को कायरतापूर्ण आतंकी कार्रवाई बताया। पुलिस के अनुसार, दोनों गाड़ियों को रिमोट कंट्रोल से किए गए धमाकों में निशाना बनाया गया। राहत और बचाव टीमों ने मृतकों के शव और घायलों को डोमेल ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र और खलीफा गुल नवाज टीचिंग अस्पताल पहुंचाया। बाद में सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों को आशंका है कि क्षेत्र में और भी बम मौजूद हो सकते हैं। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति जरदारी ने आतंकियों और उन्हें सुरक्षित ठिकाने, आर्थिक मदद के साथ अन्य संसाधन उपलब्ध कराने वाले को चेतावनी दी है।

### सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे

बन्नू के जिला पुलिस अधिकारी (DPO) यासिर अफरीदी ने बताया कि सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं। घटनास्थल से सबूत जुटाए गए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



> हमलावर पाकिस्तान की कूटनीतिक उपलब्धियों और शांति प्रयासों को कमजोर करना चाहते हैं। पाकिस्तान क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रतिबद्ध है और आतंकवाद को हराया जाएगा।
>
> आसिफ अली जरदारी
> राष्ट्रपति, पाकिस्तान

### पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने आतंकियों को चेतावनी दी

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमले की कड़ी निंदा की और नागरिकों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

# 'मैं फनी बनने की कोशिश कर रहा था'

## आई एम द बॉस वाली टिप्पणी पर डोनल्ड ट्रंप ने दी सफाई

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप अक्सर अपने बेबाक और अनोखे अंदाज के लिए पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बने रहते हैं। हाल ही में फ्रांस में आयोजित G7 शिखर सम्मेलन के दौरान उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था।

इस वीडियो में ट्रंप दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों के नेताओं के बीच जाकर खुद को बॉस बताते हुए नजर आ रहे थे। उनके इस बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा था। अब ट्रंप ने अपनी इस वायरल टिप्पणी पर चुप्पी तोड़ी है और सफाई देते हुए कहा है कि वह सिर्फ मजाक कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने यह स्पष्टीकरण द एक्सिओस शो पर एक इंटरव्यू के दौरान दिया। उन्होंने बताया कि उनकी वह टिप्पणी पूरी तरह से एक मजाक थी और उसे गलत संदर्भ में ले लिया गया। इंटरव्यू के दौरान उस पल को याद करते हुए होस्ट ने ट्रंप से पूछा, ₹आप अंदर गए और आपने कहा, मैं बॉस हूं। वहां मौजूद नेताओं में से कितनों ने इस बात पर विश्वास किया होगा? इस सवाल के जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जब वह उस कमरे में दाखिल हुए जहां दुनिया के बड़े नेता पहले से अपनी सीटों पर बैठे थे, तब वह सिर्फ मजाकिया होने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी को गंभीरता से लेने का उनका कोई

फास्ट न्यूज

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया महान नेता

बीजिंग । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उन्हें एक महान नेता और सख्त प्रशासक बताया। राष्ट्रपति ट्रंप ने एक्सियोस के साथ एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया के उन नेताओं में शामिल किया जिनकी वे सबसे ज्यादा सराहना करते हैं। इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने ताकत, कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व के मुद्दे पर बात की।

### डोमिनिकन रिपब्लिक के लग्जरी रिसॉर्ट में लगी आग

सैंटो डोमिंगो। कैरेबियाई देश डोमिनिकन गणराज्य के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बायाहिबे में समुद्र तट पर स्थित एक लक्जरी रिसॉर्ट में भीषण आग लग गई। 'विवा विन्धम डोमिनिकस बीच होटल' में लगी इस आग के बाद राहत बचाव की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और करीब 1,700 मेहमानों और कर्मचारियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। तीन लोगों को अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया है, जबकि होटल के मेहमानों, आगंतुकों और आपात-कालीन प्रतिक्रियाकर्ताओं सहित छह अन्य लोगों का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया।

### अमेरिका-ईरान वार्ता की तैयारी तेज

वॉशिंगटन । पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की नई उम्मीद दिखाई दे रही है। दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद अब स्विट्जरलैंड में नई वार्ता की तैयारी तेज हो गई है। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ स्विट्जरलैंड रवाना हो चुके हैं, जहां दोनों देशों के बीच संभावित परमाणु समझौते को लेकर बातचीत हो सकती है।

# फोनपे वॉलेट बंद रखने पर मेंटेनेंस चार्ज लगेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म फोनपे अपने यूजर्स से इनएक्टिव वॉलेट के लिए मेंटेनेंस फीस वसूलने की तैयारी कर रहा है। कंपनी के नए नियमों के मुताबिक, अगर किसी यूजर का PhonePe वॉलेट लगातार 365 दिनों (1 साल) तक इस्तेमाल नहीं किया जाता है, तो उसे 'डॉर्मेंट' या इनएक्टिव मान लिया जाएगा। ऐसे वॉलेट्स से हर तिमाही 100 का चार्ज काटा जाएगा।

कंपनी के इस फैसले का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पहले ट्विटर) और Reddit पर कड़ा विरोध हो रहा है। कई यूजर्स ने स्क्रीनशॉट शेयर कर बताया है कि उन्हें वॉलेट रिचार्ज करने या ट्रांजैक्शन करने के SMS मिलने शुरू हो गए हैं, ताकि वे इस पेनाल्टी से बच सकें।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म X (पहले ट्विटर) और रेडिट पर इस फैसले को लेकर यूजर्स ने स्क्रीनशॉट शेयर कर बताया कि उन्हें फोनपे की तरफ से SMS मिल रहे हैं, जिसमें वॉलेट रिचार्ज करने या मेंटेनेंस फीस देने की बात कही जा रही है। यूजर्स इस बात से ज्यादा परेशान हैं कि यह चार्ज सालाना न होकर तिमाही (हर 3 महीने में) के आधार पर लागू हो रहा है, जो उन्हें एक पेनल्टी की तरह लग रहा है।

> 365 दिन इस्तेमाल न करने पर हर तीन महीने में ₹100 कटेंगे, कंपनी 15 दिन का नोटिस भेजेगी

## 5 की मौत, रिपोर्ट- ईरान से शांति समझौते पर बातचीत के लिए अमेरिकी दूत स्विट्जरलैंड रवाना

# सीजफायर के बावजूद इजराइल का लेबनान पर फिर हमला

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच शुक्रवार को सीजफायर पर सहमति बनी थी। इसके बावजूद शनिवार को इजराइल ने दक्षिणी लेबनान पर फिर हवाई हमले किए हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, इन हमलों में कम से कम 5 लोगों की मौत होने की खबर हैं। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी NNA के मुताबिक, इजराइल के विमान और ड्रोन ने सुबह तक नबातिएह इलाके में कई जगह हमले किए। इन हमलों में रिहायशी इमारतें और घर तबाह हो गए। साथ ही इजराइली सेना ने तोपों से भी गोलाबारी की।

दूसरी ओर, CNN के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के बाद आगे की शर्तों पर बातचीत के लिए विशेष दूत स्टीव विटकॉफ शनिवार को स्विट्जरलैंड रवाना हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर भी इस बातचीत में शामिल हो सकते हैं।



साथ ही एक्सियोस के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी इस बातचीत के लिए आज स्विट्जरलैंड पहुंच सकते हैं।

हिजबुल्लाह के एक वरिष्ठ सांसद ने कहा है कि जब तक इजराइल की सेना लेबनान की जमीन पर मौजूद है, तब तक किसी भी तरह का सीजफायर बेकार है। हिजबुल्लाह के प्रतिनिधि अली फय्याद ने ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी को दिए बयान में कहा कि उनका रुख साफ और बिना किसी समझौते के है। उनके मुताबिक, अगर हमला और टारगेटिंग जारी रहती है तो सीजफायर का कोई मतलब नहीं रह जाता।

### ट्रम्प बोले- ईरान डील में पाकिस्तान ने बहुत मदद की

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ हुए समझौते (MoU) में पाकिस्तान ने वॉशिंगटन की बहुत मदद की।

एक्सियोस को इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि उन्हें वैश्विक नेताओं में सबसे ज्यादा कौन पसंद है, इस पर उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिर पाकिस्तान के नेतृत्व का जिक्र किया।

ट्रम्प ने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तारीफ करते हुए कहा कि दोनों एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और अच्छे से साथ काम करते हैं।



### ईरान डील में पाकिस्तान ने बहुत मदद की

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ हुए समझौते (MoU) में पाकिस्तान ने वॉशिंगटन की बहुत मदद की। एक्सियोस को इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि उन्हें वैश्विक नेताओं में सबसे ज्यादा कौन पसंद है, इस पर उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिर पाकिस्तान के नेतृत्व का जिक्र किया।

ट्रम्प ने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तारीफ करते हुए कहा कि दोनों एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और अच्छे से साथ काम करते हैं।

## अमेरिका की पूर्व खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा- डॉ. फॉची ने कसम खाकर झूठ बोला

# दावा : कोरोना के लिए अमेरिकी वैज्ञानिक ने की थी फंडिंग

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका की पूर्व खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कार्यालय में अपने अंतिम दिन बड़े वैज्ञानिक डॉ. एंथनी फॉची पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कुछ गोपनीय दस्तावेज जारी कर दावा किया है कि डॉ. फॉची ने चीन की वुहान लैब को लाखों डॉलर की सरकारी फंडिंग दी थी।

इस पैसे का इस्तेमाल चमगादड़ के कोरोना वायरस को और खतरनाक बनाने वाली रिसर्च के लिए हुआ। आरोप है कि जब महामारी फैली, तो डॉ. फॉची ने यह बात दबाई कि वायरस लैब से लीक हुआ था। गबार्ड के मुताबिक, डॉ. फॉची ने 2024 में अमेरिकी संसद के सामने कसम खाने के बाद भी झूठ बोला था। आरोप है कि डॉ. फॉची ने 'गेन-ऑफ-फंक्शन रिसर्च' के लिए फंडिंग की थी। यह एक ऐसी वैज्ञानिक रिसर्च है, जिसमें किसी वायरस को लैब के भीतर जानबूझकर ज्यादा ताकतवर, संक्रामक या खतरनाक बनाया जाता है। वैज्ञानिक ऐसा इसलिए करते हैं ताकि यह समझा जा सके कि भविष्य में कोई वायरस इंसानों पर कितना बड़ा हमला कर सकता है और उसकी वैक्सीन कैसे बनेगी, लेकिन इसमें वायरस के लीक होने का खतरा बहुत ज्यादा होता है। गबार्ड का दावा है कि वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में चमगादड़ों के कोरोना वायरस पर यही खतरनाक रिसर्च चल रही थी। माना जा रहा है कि इसी लैब से वायरस दुर्घटनावश लीक हुआ और दुनियाभर में कोरोना महामारी फैली।



गबार्ड के कार्यालय के अनुसार, डॉ. फॉची ने खुद एक 'फर्जी वैज्ञानिक पेपर' तैयार करवाया और अपने पसंदीदा वैज्ञानिकों को खुफिया एजेंसियों के पास भेजा। इन वैज्ञानिकों ने आधिकारिक रिपोर्ट में लिखवाया कि कोरोना वायरस लैब से नहीं बल्कि प्राकृतिक रूप से जानवरों से इंसानों में फैला है, ताकि फॉची का खतरनाक रिसर्च प्रोजेक्ट छिपा रहे।



**डॉ. एंथनी फॉची**

अमेरिका के सबसे मशहूर हैल्थ एक्सपर्ट

जन्मः 24 दिसंबर, 1940, न्यूयॉर्क

अमेरिकी चिकित्सक, वैज्ञानिक और इम्यूनोलॉजिस्ट

संक्रामक रोगों के दुनिया के प्रमुख एक्सपर्ट्स में शामिल

1984-2022 तक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज के डायरेक्टर रहे

7 अमेरिकी राष्ट्रपतियों को स्वास्थ्य मामलों पर सलाह दी

कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका के प्रमुख स्वास्थ्य एक्सपर्ट रहे

व्हाइट हाउस कोरोना वायरस टास्क फोर्स के सदस्य थे

एचआईवी/एड्स रिसर्च में अहम योगदान दिया

2008 में प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम मिला

2005 में नेशनल मेडल ऑफ साइंस से सम्मानित

40 से अधिक ऑनरेरी डॉक्टरेट की उपाधियां मिल चुकी हैं

# ट्रंप ने कतर से गिफ्ट में मिला एयरफोर्स वन दुनिया को दिखाया 'दुनिया का सबसे आलीशान प्लेन'

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने पुराने हो चुके एयर फोर्स वन को विदाई देने के ठीक एक दिन बाद, कतर द्वारा उपहार में दिए गए 400 मिलियन डॉलर के बोइंग 747 - को अपने नए अस्थायी हवाई कार्यालय के रूप में पेश किया है। ट्रंप ने इसे दुनिया का सबसे लग्जरी विमान बताया है।

दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति के विमान को 'एयर फोर्स वन' कहा जाता है। कतर द्वारा गिफ्ट किया गया यह विमान राष्ट्रपति के अगले पीढ़ी के आधिकारिक विमानों के आने तक (वर्ष 2027-2028) उनकी हवाई यात्राओं का जिम्मा संभालेगा। ट्रंप अगले महीने तुर्की के अंकारा में होने वाले NATO शिखर सम्मेलन में इसी नए विमान से जाएंगे।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को मैरीलैंड के जॉइंट बेस एंड्रयूज के एक हैंगर में दुनिया के सबसे आलीशान विमान VC-25B का अनावरण किया। लाल, सफेद, गहरे नीले और सुनहरे रंग का यह विमान कतर के खाड़ी अमीरात द्वारा उपहार में दिया गया है।

हालांकि, इस तोहफे को लेकर अमेरिका में राजनीतिक आलोचनाएं शुरू हो गई हैं, क्योंकि अमेरिकी नियमों के मुताबिक. एक कैलेंडर वर्ष में किसी भी एकल स्रोत से बिना मांगे मिलने वाले उपहार की अधिकतम सीमा महज 50 डॉलर है, जबकि इस विमान की कीमत इस सीमा से कहीं अधिक है।

**आलोचना :** हम किसी बेबसी में नहीं मिले थे, बल्कि ईरान हताश था : ट्रंप, ट्रंप समर्थकों ने भी खोला मोर्चा

# ईरान के साथ शांति समझौते पर रिपब्लिकन पार्टी में दरार

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान के साथ हुए समझौते को आलोचकों द्वारा कमजोर और आत्मसमर्पण करार दिए जाने के बाद चौतरफा घिरे राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने इस बात से साफ इनकार किया कि वह तेहरान के सामने झुक गए हैं या उसे भारी वित्तीय राहत सौंपने जा रहे हैं।

ट्रंप ने आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा, ₹हम किसी बेबसी में नहीं मिले थे, बल्कि ईरान हताश था। वे पूरी तरह खत्म हो चुके हैं! हम 60 दिनों की इस अवधि को देखेंगे। उन्हें कोई पैसा नहीं मिल रहा, 10 सेंट भी नहीं! जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद वर्साय में ट्रंप द्वारा दूरस्थ रूप से हस्ताक्षरित इस प्रारंभिक समझौते का उद्देश्य एक व्यापक शांति की दिशा में 60 दिनों की तेज गति से काम शुरू करना था। इसके विपरीत, इस कदम ने देश के भीतर एक बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। दूसरी ओर, लेट-नाइट कॉमेडियन्स और सोशल मीडिया ट्रोल्स के लिए यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है, जो इस समझौते की तुलना युद्ध जीतने और उसकी रसीद खो देने से कर रहे हैं।



> रिपब्लिकन सीनेटर बिल कैसिडी उन नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने अपनी पार्टी के रुख से अलग हटकर इस समझौते की तीखी आलोचना की है। उन्होंने इसे दशकों की सबसे खराब विदेश नीति की भूल करार दिया है।

### पाकिस्तान को पछाड़ कतर बना नया बिचौलिया

इस बीच, वेंस की स्विट्जरलैंड यात्रा स्थगित होने से मध्यस्थता करने वाले देशों का क्षेत्रीय समीकरण पूरी तरह बदल गया है। पाकिस्तान, जिसने खुद को मुख्य राजनयिक मध्यस्थ के रूप में स्थापित किया था और अप्रैल में आमने-सामने की वार्ताओं की गर्व से मेजबानी की थी, अचानक खुद को इस रेस से बाहर पा रहा है।

### ओबामा बनाम ट्रंप नीति पर विशेषज्ञों ने घेरा

हालांकि, ट्रंप प्रशासन का दावा है कि यह समझौता एक मास्टरस्ट्रोक है और बराक ओबामा के 2015 के जॉइंट कॉम्प्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन(JCPOA) से कहीं बेहतर है, लेकिन नीति विशेषज्ञ इस दावे को चुनौती दे रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि जहां ओबामा का समझौता कई सौ पन्नों का एक बेहद विस्तृत और तकनीकी दस्तावेज था, वहीं ट्रंप का यह महज डेढ़ पन्ने का अधूरा मसौदा केवल एक हाथ मिलाने के बदले तेहरान को सब कुछ सौंप देता है। इस स्थिति के कारण अब कैपिटल हिल के सांसद खुलकर बगावत पर उतर आए हैं, जिनमें कई ऐसे रिपब्लिकन वफादार भी शामिल हैं जो आमतौर पर ट्रंप की बातों को पत्थर की लकीर मानते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति अब अप्रत्यक्ष रूप से ईरान के नागरिक परमाणु कार्यक्रम के अधिकार को भी स्वीकार कर रहे हैं, जो उनके पुराने वादे से बिल्कुल उलट है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका यूरेनियम के किसी भी संवर्धन की अनुमति नहीं देगा। हालांकि, वह अब भी इस बात पर अड़े हैं कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# 'लगा जैसे कोई आतंकी धमाका हो'

## लंदन ट्रेन हादसे में किसी के पैर टूटे तो कोई अब भी सदमे में

**लंदन, एजेंसी**

शुक्रवार को लंदन के उत्तर में स्थित बेडफोर्ड के पास दो यात्री ट्रेनों की टक्कर के बाद मची दहशत और तबाही का मंजर देखकर लोग सिहर उठे। इस भीषण हादसे में ट्रेन ड्राइवर की मौत हो गई और 80 से अधिक लोग घायल हो गए।

टक्कर स्थानीय समयानुसार शाम करीब 5:15 बजे बेडफोर्ड और ल्यूटन के बीच हुई। दोनों ट्रेनें दक्षिण की ओर लंदन के सेंट पैनक्रास स्टेशन जा रही थीं। हादसे के बाद कई डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसके बाद एयर एम्बुलेंस और विशेषज्ञ बचाव दलों सहित आपातकालीन सेवाएं तुरंत मौके पर पहुंच गईं।

आपातकालीन अधिकारियों के अनुसार, इस दुर्घटना में कुल 89 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 11 लोगों को बेहद गंभीर चोटें आई हैं,



22 गंभीर रूप से घायल हैं और 56 अन्य का मामूली चोटों के लिए इलाज किया गया। हादसे के बाद के खौफनाक पलों को याद करते हुए, यात्री डॉ. पीट नैप ने प्रेस एसोसिए-शन को बताया कि एक पल ऐसा लगा जैसे हम सामने वाली कुर्सी पर जा गिरे हों, और फिर मैंने धुआं देखा। लोग रो रहे थे, चिल्ला रहे थे। लोग बहुत डरे हुए और भ्रमित थे। उन्होंने बताया कि टक्कर से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। डॉ. नैप ने कहा, मैं उठा और देखा कि कई लोग बोल नहीं पा रहे थे, उनके पैर टूट गए थे।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533

R.N.I. NO. 64107/96